हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## शनिवार-रविवार को बढ़ा देते हैं कीमत

राजधानी के बाजारों में एक और बात यह भी देखने को मिल रही है कि अचानक से शनिवार और रविवार को सब्जियों की कीमत में अचानक इजाफा कर दिया जाता है। चिल्हर कारोबारी ग्राहकों से यही कहते हैं कि थोक में कीमत बढ़ गई है तो क्या करें। अगर शुक्रवार को किसी सब्जी की कीमत 40 रुपए रहती है तो वह शनिवार और रविवार को 60 से 80 रुपए में बेची जाती है।

# बारहमासी 20 रुपए में बिकने वाले कद्दू ने भी बदला रंग, उछलकर पहुंचा 40 रुपए

### कद्दू थोक में 8 रुपए, चिल्हर में 40

आमतौर पर कद्दू और लौकी को सज्जन सब्जी की श्रेणी में रखा जाता है। इनकी कीमत बारह माह चिल्हर में 20 रुपए से ज्यादा नहीं होती है। कई बार तो लौकी दस रुपए किलो हो जाती है। हालांकि कद्दू के दाम कभी दस रुपए नहीं होते हैं। लेकिन इस समय राजधानी के अलग-अलग बाजारों में कद्दू और लौकी की कीमत 30 से 40 रुपए ली जा रही है। जहां तक थोक का शेष पेज 11 पर

- चिल्हर में मुनाफाखोरी का जमकर चल रहा खेल
- कब किस सामान की कीमत बढ़ जाए कहा नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महंगाई आम आदमी की जान लेने पर तुली हुई है। महंगाई का बड़ा फायदा उठाने का सबसे बड़ा काम चिल्हर कारोबारी कर रहे हैं। सब्जी बाजारों में ज्यादा लूट मची हुई है। बारहमासी चिल्हर में 20 रुपए बिकने वाले कद्दू और लौकी की कीमत 40 रुपए तक वसूली जा रही है। एक इसी सब्जी की बात नहीं है। ऐसी कोई सब्जी नहीं है जिसके दाम चिल्हर में शेष पेज 11 पर

### 200 का धनिया 400 में

अचानक से हरा धनिया बहुत ज्यादा महंगा हो गया है। बीते माह धनिया थोक में जहां 50 से 60 रुपए किलो में बिक रहा था, शेष पेज 11 पर

### हर सब्जी की कीमत डबल

चिल्हर बाजार में ज्यादातर सब्जियों के दाम डबल और कहीं पर डबल से भी ज्यादा वसूले जा रहे हैं। थोक बाजार में एक नंबर का अच्छी क्वालिटी का शेष पेज 11 पर

स्टेशनों में सस्ती दर पर यात्रियों को पीने का पानी देने रेलवे लगा रहा वाटर वेंडिंग मशीन

# स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन में अब पैसों से मिलेगा शुद्ध पानी, 3 रुपए में 300 मिलीलीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रेलवे स्टेशनों में अगर पीने का शुद्ध पानी चाहिए तो अब यात्रियों को इसके लिए भी पैसे देने पड़ेंगे। रेलवे ने आरओ पानी की सुविधा देकर यात्रियों से पैसा कमाने का नया तरीका ढूंढ निकाला है। रेलवे स्टेशनों में वाटर वेंडिंग मशीन स्थापित कर रहा है, जिसमें 2 से लेकर 25 रुपए तक लीटर में पानी मिलेगा। इसकी शुरुआत जोन में हो चुकी है। जल्द ही रायपुर मंडल में भी यह मशीन लगाई जाएगी। बता दें कि यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 7 प्लेटफार्म पर लगभग 80 से अधिक पानी की टोटियां लगी हैं। वहीं छह पर वाटर कूलर लगाया गया है। इसके बाद भी भीड़ के समय ट्रेनों के आते ही स्टेशन पर पानी के लिए मारामारी रहती है। रेलवे प्रशासन द्वारा मंडल के बिलासपुर सहित 9 प्रमुख स्टेशनों में यात्रियों को कम कीमत पर पीने का शीतल पानी उपलब्ध कराने वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस प्रकार बिलासपुर स्टेशन वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध कराने वाला जोन का पहला स्टेशन बन गया।




### वाटर वेंडिंग मशीन में पेयजल की दर इस प्रकार

| मात्रा | बिना कंटेनर | कंटेनर सहित |
|---|---|---|
| 300 मिली | 2 रुपए | 3 रुपए |
| 500 मिली | 3 रुपए | 5 रुपए |
| 1 लीटर | 5 रुपए | 8 रुपए |
| 2 लीटर | 8 रुपए | 12 रुपए |
| 5 लीटर | 20 रुपए | 25 रुपए |

### पेयजल का आनंद ले सकेंगे

यह पहल रेलवे के पर्यावरण अनुकूल और यात्री केंद्रित सेवाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई है। वाटर वेंडिंग मशीन स्वचालित रूप से कार्य करती हैं, जिससे यात्रियों को त्वरित और आसान सेवा प्राप्त होगी। इसकी उपलब्धता से यात्री अब सफर के दौरान उचित मूल्य पर स्वच्छ पेयजल का आनंद ले सकेंगे।

- **अनुराग कुमार सिंह**, मंडल वाणिज्य प्रबंधक

### मशीन से निकलेगा फिल्टर और स्वच्छ पानी

बिलासपुर स्टेशन में 10 वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें से 4 मशीन स्थापित की जा चुकी हैं। इसके बाद रायपुर मंडल में लगाया जाएगा। वाटर वेंडिंग मशीन से मिलने वाले पानी की कीमत स्टेशन पर मिलने वाले अन्य मिनरल वाटर की कीमत से काफी कम है। वाटर वेंडिंग मशीन के माध्यम से यात्रियों को फिल्टर और स्वच्छ पानी मात्र 3 प्रति 300 मिलीलीटर की दर से उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए 500 मिलीलीटर, 1 लीटर 2 लीटर और 5 लीटर की मात्रा में भी पानी किफायती दरों पर उपलब्ध कराया गया है। यात्रियों के पास स्वयं की बोतल लाने का विकल्प भी है, जिससे प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

# रिजल्ट जारी नहीं होने से हताश एसआई अभ्यर्थियों ने कराया सामूहिक मुंडन



- रिजल्ट जारी करने लगातार कर करे प्रदर्शन
- प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने मरीन ड्राइव से खदेड़ा
- बेरोजगारों की अनदेखी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर लंबे अरसे से आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों ने गुरुवार को मरीन ड्राइव में सामूहिक मुंडन कराया। महिला अभ्यर्थियों ने भी विरोध स्वरूप अपने बाल कटवाए। मौके पर पहुंची तेलीबांधा पुलिस ने अभ्यर्थियों को मरीन ड्राइव से खदेड़ा। गौरतलब है कि वर्ष 2018 तथा 2021 में आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा शेष पेज 11 पर

### परिणाम जारी होने तक आंदोलन

परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से सिर मुंडाने वाले दुखी अभ्यर्थियों ने शासन तथा प्रशासन से लगातार बात करने के साथ ही आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। अभ्यर्थियों के अनुसार उनका शांतिपूर्ण आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। अभ्यर्थियों ने अपने आंदोलन को रायपुर के साथ ही राज्य के अलग-अलग जिलों में जारी रखने की बात कही।

### अभ्यर्थियों ने कहा- शासन निष्ठुर हो गया

एसआई भर्ती परीक्षा के महिला अभ्यर्थियों ने भी परिणाम जारी करने की मांग को लेकर प्रतिकात्मक रूप से अपने बाल कटवाए। महिला अभ्यर्थियों ने इस दौरान कहा की एसआई परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने कोई अपराध तो नहीं किया है, जिसकी वजह से उनका परिणाम अब तक जारी नहीं किया गया। इस दौरान छात्राओं ने शासन तथा प्रशासन पर बेरोजगार अभ्यर्थियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सबकी हितों की बात करने वाला शासन एसआई अभ्यर्थियों के प्रति आखिर इतना निष्ठुर क्यों है, जो अब तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने दे रहा।

## खबर संक्षेप

### महिला इंजीनियर से ठगी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में महिला इंजीनियर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख रुपए की ठगी मामले में रेंज साइबर पुलिस की टीम ने गुरुवार को दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ठगी के आरोप में उत्तरप्रदेश जौनपुर निवासी पंकज दुबे तथा निखिल शुक्ला को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल अकाउंट तथा सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने बुधवार को एक आरोपी को चेन्नई से गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्त में आए दोनों जालसाज भी सिम कार्ड तथा अकाउंट उपलब्ध कराने का काम करते थे।

### नौ लाख ठगे

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ एसबीआई का एटीएम बनाने का झांसा देकर नौ लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय नगर निवासी संजय साहनी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। संजय ने बताया है कि उसने गूगल के माध्यम से एसबीआई का एटीएम बनवाने सर्च किया। अज्ञात जालसाज ने लिंक भेजकर एटीएम बनाने का झांसा देकर संजय के अकाउंट से नौ लाख रुपए आहरण कर ठगी की है।

# यू ट्यूब में वीआईपी कालोनी सर्च किया, रेकी की और फिर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के अग्रोहा सोसाइटी के सूने मकान में लाखों की चोरी करने वाले ओडिशा के एक शातिर चोर गिरोह के तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पांच लाख 60 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। पुलिस गिरफ्त में आया चोर गिरोह रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वीआईपी कालोनी के सूने मकानों में चोरी करने आया था।

- चोरी के जेवर मुथूट फाइनेंस में गिरवी रख प्राप्त रकम से एक चोर तीर्थयात्रा पर गया था

पुलिस के मुताबिक सुमन तिवारी के सूने मकान में चोरी करने के आरोप में ओडिशा, रायगढ़ा निवासी रबिशंकर महानंदिया, के. अनिल कुमार, पी. श्रीकांत को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी बिज्जू फरार है। एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते के शेष पेज 11 पर

### अग्रोहा कालोनी के सूने मकान में की थी लाखों की चोरी





### यू ट्यूब में सर्च कर चोरी


बदमाशों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि रायपुर में चोरी करने के लिए उन लोगों ने यू ट्यूब से राजधानी के वीआईपी कालोनी सर्च किए। इसके बाद उन लोगों ने ऑटो से उस कालोनी की रैकी कर तीन से चार मकानों को चिन्हांकित किया। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### होटल के रजिस्टर से पकड़े गए चोर

चोरी की घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल तथा आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की, तो चोरों के एक लॉज में रुके होने की जानकारी मिली। इसके बाद उस लॉज में दबिश दबिश देकर पुलिस ने रजिस्टर चेक किया, तो उन्हें रबिशंकर का मोबाइल नंबर मिला। रबिशंकर के मोबाइल नंबर को सर्विलांस में लेकर पुलिस ने रायगढ़ा में दबिश देकर रबिशंकर को गिरफ्तार किया।

### चोरी की रकम से तीर्थयात्रा

पुलिस के अमुसार रबिशंकर चोरी की प्राप्त रकम से परिवार सहित मथुरा, वृंदावन तीर्थ यात्रा करने के लिए गया था। रबिशंकर के तीर्थ यात्रा से लौटने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इसी तरह से अन्य चोरों ने भी चोरी की रकम से अपने अन्य जरूरत के सामान खरीदे और पैसे अय्याशी में लुटाए।







# कल से फिर झमाझम 72 घंटों तक बरसेंगे बदरा !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई दिनों तक हुई भारी बारिश के बाद बीते कुछ दिनों से प्रदेशवासियों को राहत मिली है। लेकिन कल से अब एक बार फिर प्रदेश में बदली-बारिश का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। प्रदेश में 14 से 16 सितंबर तक बदली-बारिश के आसार बन रहे हैं। इस दौरान वर्षा का मुख्य क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ रहेगा। दक्षिण छत्तीसगढ़ में भी अच्छी बारिश की संभावना शेष पेज 11 पर

- 14 से 16 सितंबर तक प्रदेश में अच्छी बारिश के आसार, वर्षा का मुख्य क्षेत्र रहेगा मध्य छग

### तापमान सामान्य से अधिक

बारिश थमते ही तापमान सामान्य से अधिक हो गया है। बारिश के बाद निकली तेज धूप चुभन भरी है। हालांकि कूलर चलाने की स्थिति अभी निर्मित नहीं हुई है। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक 33 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक 24.7 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान बलरामपुर में 34.1 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान नारायणपुर में 20.1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। बारिश संबंधित गतिविधियां प्रारंभ होने के बाद कल से तापमान में पुनः गिरावट संभावित है। इसके पहले गुरुवार को पेंड्रा और प्रेमनगर में 2 सेमी, बेलगहना, पाटन और सकोला में 1 सेमी बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों में इससे कम बारिश अथवा हल्की बूंदाबांदी ही हुई।

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में गुरुवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित रहकर काफी संख्या में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में विभिन्न विषयों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इनमें से अधिकतर आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जन सहयोग केंद्र में प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा, आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, रूपनारायण सिन्हा, आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई भी मौजूद रहे।

### जेल में देवेंद्र से मिले भूपेश



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को बलौदाबाजार कांड में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव से मिलने जेल पहुंचे। उन्होंने देवेंद्र से मुलाकात की। श्री बघेल ने सूर्यकांत तिवारी से भी मिलने की कोशिश की, लेकिन अनुमति नहीं मिली। इसे लेकर श्री बघेल ने अफसरों पर तीखे हमले किए।

### पॉवर कंपनियों में आईआर की जगह अब आईडी एक्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की तीनों कंपनियों में अब छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (आईडी एक्ट) प्रभावशील होगा। इसके पूर्व कंपनी में छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 (आईआर एक्ट) लागू था। राज्य शासन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद इसे विद्युत कंपनियों ने लागू कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ने परिपत्र जारी किया है। 11 सितंबर को जारी परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 के उपबंध में वर्णित उद्योगों की अनुसूची में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण उद्योग आते हैं।

### सीमेंट की कीमत में बढ़ोतरी कमीशनखोरी का प्रमाण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सीमेंट के बढ़े दामों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विष्णु भोग सीमेंट और बीजेपी सीमेंट कमीशन खोरी की पहचान का स्लोगन लिखी तख़्तिया हाथों में रखी थीं। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सीमेंट के बढ़े हुए दामों को वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि 310 रुपए की सीमेंट बोरी को आम आदमी नहीं उठा पा रहा था और अमीर आदमी उस सीमेंट के बोरे को आसानी से उठाता हुआ दिखाई दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सीमेंट के बढ़े हुए दाम आम आदमी से जुड़े हुए हैं। यह मुद्दा प्रदेश के गरीब एवं मध्य वर्गीय परिवार से सीधा जुड़ा हुआ है।

# छत्तीसगढ़ के 4 शहर में ई-बसों को बढ़ावा देने केंद्र ने जारी की 30.19 करोड़ की पहली किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित भिलाई-दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा शहरों में अब तेजी के साथ ई-बसों के लिए सब स्टेशन, डिपो सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं मिलेगी। केंद्र सरकार ने इन चारों शहरों में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए पीएम ई-बस योजना के तहत 30.19 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी कर दी है। इस किस्त के जारी होने के बाद अब इन चारों शहर में ई-बसों की बुनियादी सुविधाओं का जल्द से जल्द विकास और उन्नयन हो पाएगा। पीएम ई-बस योजना के तहत देशभर में 169 शहरों में पीपीपी मॉडल पर 10 हजार इलेक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के रायपुर, भिलाई-दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा में भी 240 ई-बसों को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत इन चारों शहरों में ई-बसों के लिए सब स्टेशन, डिपो सहित अन्य सुविधाओं का विकास एवं उन्नयन करने के लिए केंद्र ने 30.19 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की है।

**छत्तीसगढ़ की कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम :** आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में पीएम-ई-बस सेवा योजना की स्थिति का जायजा लिया। इसके तहत छत्तीसगढ़ के लिए ई-बसों की खरीदी के लिए स्वीकृत किए गए सभी बुनियादी ढांचे के प्रस्ताव, जिसमें चार्जिंग के लिए सिविल डिपो अवसंरचना और बिजली अवसंरचना का विकास शामिल है।

### रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा में ई-बसों के लिए बिजली और बस डिपो का किया जाएगा निर्माण



#### वर्ष 2027 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के अनुरूप है योजना

*उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छी पहल है जो वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के हमारे और प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। व्यक्तिगत और सार्वजनिक परिवहन दोनों से जुड़े कार्बन को कम करके, हम अपने राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। विदित हो कि पीएम-ई-बस सेवा योजना 16 अगस्त 2023 को भारत सरकार द्वारा ई-बस संचालन को बढ़ाने और हरित शहरी प्रगतिशीलता पहल के तहत 181 शहरों में बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य डिपो के बुनियादी ढांचे के विकास और उन्नयन के साथ-साथ मीटर के पीछे बिजली के बुनियादी ढांचे के निर्माण करना है, जैसे कि ई-बसों के लिए सबस्टेशन। इस योजना में बस प्राथमिकता, बुनियादी ढांचे, मल्टीमॉडल इंटरचेंज, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और एनसीएमसी-आधारित स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली जैसी हरित पहलों की भी परिकल्पना की गई है।*

## सीएम साय ने की कलेक्टर कांफ्रेंस : कामकाज में कमजोरी पर दिखा गुस्सा

# राजस्व मामलों की सुस्ती पर बिफरे सीएम तीन जिलों के कलेक्टरों पर दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व मामलों के तेजी से निराकरण के कई बार निर्देश के बावजूद इन मामलों को लेकर सुस्ती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाराजगी दिखाई है। गुरुवार को रायपुर के सर्किट हाउस में कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान श्री साय ने राजस्व मामलों की धीमी गति को लेकर सारंगढ़, बस्तर और खैरागढ़ जिलों के कलेक्टरों पर नाराजगी जताई। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे राजस्व प्रकरणों को तेज गति से निपटाने के लिए काम करें। राजस्व संबंधी सभी काम समय सीमा में पूरे किए जाएं।

कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, असर्वेक्षित ग्रामों की जानकारी, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा, अविवादित नामांतरण के केस को समय सीमा पर पूरा करें, 70 प्रतिशत से कम निराकरण वाले जिले ज्यादा फोकस करें। विवादित विभाजन के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हों।

### छोटी-छोटी त्रुटि सुधरवाने भटकते हैं लोग

मुख्यमंत्री ने इस कांफ्रेंस के दौरान राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखते हुए कहा कि सीमांकन जनता से जुड़ा विषय है, जो आदेश है उसका सीमांकन हो जाये। नागरिक छोटी छोटी त्रुटि के लिए भटकते रहते हैं। जल्द से जल्द निराकरण हो इसका ख्याल रखें। डायवर्शन में जिलों का प्रदर्शन अच्छा है, समय सीमा में निराकरण करने से सरकार की छवि बनती है। आपके अधीनस्थ समय पर कोर्ट पहुंचें इसका ध्यान रखें। उन्होंने संभागायुक्तों से कहा है कि वे भी लगातार मॉनीटरिंग करते रहें।



### विश्वकर्मा योजना कई जिलों में शून्य

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों की शून्य प्रगति पर जतायी नाराजगी। इस संबंध में खैरागढ़, सारंगढ़, सक्ती, रायगढ़ जिलों की शून्य प्रगति पर मुख्यमंत्री नाराज हुए। मुख्यमंत्री ने कहा ये आंकड़े चिंताजनक हैं।

### स्वास्थ्य विभाग के इस काम पर भी नाराजगी

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री के निर्देश दिया है कि पोषण पुनर्वास केंद्र, खैरागढ़ में बेड ऑक्यूपेंसी और क्योर रेट जीरो होने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सभी जिले आयुष्मान पंजीयन आगामी 6 माह में शत प्रतिशत करें। पीएम जनऔषधि के जो केंद्र संचालित नहीं हैं उन्हें शुरू करें। सुनिश्चित करें कि मरीजों को जनऔषधि केंद्र स्पष्ट रूप से दिखें, डायलिसिस की सुविधा हर जिले में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

### सूपेबेड़ा : जरूरत पड़े तो दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाएं

मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले के सूपेबेड़ा की स्थिति पर मंथन के दौरान सूपेबेड़ा में किडनी रोगियों पर जतायी चिंता और कहा कि किडनी के मरीजों की संख्या घटाने तेजी से कार्य करें, जरूरत पड़े तो दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाकर काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम का रोगियों को लाभ मिलना चाहिए।

### मनरेगा में कम रोजगार पर भी नाराजगी

मुख्यमंत्री ने विभागवार कामकाज की समीक्षा करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा में कई बिंदुओं पर खामियों को पकड़ा। उन्होंने मनरेगा में मानव दिवस की सृजन कम होने पर बस्तर कलेक्टर पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी दिखाई। इसके साथ ही कलेक्टरों को ध्यान देने के दिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश-अमृत सरोवर योजना को जन अभियान का स्वरूप दें।

### पीएम आवास की पहली किस्त 15 को मोदी जारी करेंगे

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्य में क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया। कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हमें भारत सरकार से अधिक मात्रा में आवास प्राप्त हुए हैं। जिले विशेष ध्यान देकर पूर्णता सुनिश्चित कराएं। प्रधानमंत्री आवास योजना हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सीएम ने जानकारी दी कि 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री पहली किस्त जारी करेंगे। उन्होंने कहा, सभी कलेक्टर प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष ध्यान दें।

### कलेक्टर कांफ्रेंस महत्वपूर्ण बिंदु

- आठ घंटे चली बैठक सीएम केवल लंच ब्रेक छोड़कर पूरे समय रहे शामिल
- कलेक्टरों के परफार्मेंस की नियमित अंतराल पर समीक्षा होगी
- कलेक्टरों की पहली जिम्मेदारी दंडाधिकारी के रूप में कानून व्यवस्था बनाए रखने की
- रायपुर में होने वाले जनदर्शन में ऐसी समस्याएं ही आएं जिनका समाधान जिला स्तर पर नहीं हो सकता
- विशेष पिछड़ी जनजातियों के बीच जाकर मैं स्वयं पीएम जनमन योजना का क्रियान्वयन देखूंगा- सीएम
- स्कूलों में बच्चों के स्थायी जाति प्रमाणपत्र बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।
- हम जितना तकनीकी नवाचार को बढ़ाएंगे, राजस्व संबंधी भ्रष्टाचार उतना ही घटेगा।
- सिकल सेल के मरीजों को चिन्हांकन और इलाज की समुचित व्यवस्था हो।
- बस्तर ओलिंपिक 2024 का होगा आयोजन।

## आईएएस अफसरों पर शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को राजधानी के एक होटल में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आईएएस अधिकारियों पर शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी रहती है। मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाया गया स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएएस अधिकारियों और राजनेताओं का जीवन बहुत कुछ एक जैसा होता है। दोनों का उद्देश्य जनसेवा ही होता है। आईएएस अधिकारी के रूप में आप हमेशा व्यस्त रहते हैं, अपने घर पर भी समय नहीं दे पाते। आईएएस अधिकारी इस सेवा में आने के लिए विशेष पढ़ाई करते हैं। आप सभी बुद्धिजीवी हैं, लेकिन समाज से ही आते हैं। हम सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। हमारा कर्तव्य राज्य की 3 करोड़ जनता की सेवा करना है।

### ...कि लोग आपको याद करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में अपने कार्य के द्वारा अपनी पहचान बनाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। आप अपने कार्यक्षेत्र में ऐसा काम करें कि आपके जाने के बाद भी लोग आपको याद करें। जनता के मन में आपकी स्मृति ऐसी हो कि उन्हें लगे कि वे अधिकारी बहुत अच्छे थे, वे सभी की सुनते थे और समस्याओं का त्वरित निराकरण करते थे। हमें टीम भावना से मिल कर कार्य करना है । छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। हमारी बहुत अच्छी टीम है। आशा है कि हम प्रदेश को बहुत आगे ले जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिरीक्षक अशोक जुनेजा, छग आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पिंगुआ, सचिव आर. प्रसन्ना समेत अधिकारी उपस्थित थे।

## वजन त्योहार के आंकड़ों का सत्यापन करने अधिकारियों को जिलों का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 12 से 23 सितंबर तक वजन त्योहार कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसकी शुरुआत आज से राज्य के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में की गई। महिला बाल विकास विभाग के संचालक ने कार्यक्रम के सत्यापन के लिए अधिकारियों जिलों का प्रभार दिया है, जहां पर वजन त्योहार के दौरान आयोजित गतिविधियों का स्थल पर सत्यापन कर प्रतिवेदन 30 सितंबर तक प्रस्तुत करने कहा गया है।

विभाग के संयुक्त संचालक से लेकर सहायक संचालक स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण प्रतिवेदन एप के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया है। इन अधिकारियों को दो आंगनबाड़ी केंद्रों का वजन प्रक्रिया व आंकड़ों का सत्यापन और वजन त्योहार एप पर एंट्री होने की दशा में उनका सत्यापन करना होगा। सभी अधिकारियों को अलग से लिंक उपलब्ध कराया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत राज्य में वजन त्योहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन 12 से 23 सितंबर तक किया जाना है, जिसमें शून्य से 6 वर्ष से कम बच्चों का वजन एवं ऊंचाई जांच कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस दौरान उनके कुपोषण के स्तर की भी जांच की जाएगी। वजन त्योहार का उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का आंकलन कर शत्-प्रतिशत रूप में सुपोषित करना है।

# कानून व्यवस्था तथा बलौदाबाजार मामले में राज्यपाल से मिले कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार आगजनी एवं लचर व बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार पर ध्यानाकर्षण के लिये कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला और ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने निर्दोषजनों की निःशर्त रिहाई एवं प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है। साथ ही राज्यपाल से आग्रह किया है कि बलौदाबाजार मामले की हाईकोर्ट जज की देखरेख में निष्पक्ष जांच करायी जाये या सतनामी समाज की मंशानुरूप पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच कराई जाए। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार की अकर्मण्यता के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। अपनी नाकामी छिपाने लगातार सरकार प्रशासन का



दुरुपयोग कर विपक्षी पार्टी को निशाना बना रही है। बलौदाबाजार में घटित पूज्य जैतखाम को काटे जाने मामले में सतनामी समाज को आज तक न्याय नहीं मिला है, जो कि अत्यंत गंभीर विषय है। साथ ही कलेक्टर परिसर में घटित आगजनी की भयावह घटना घोर प्रशासनिक चूक व सरकार के उदासीनता का नतीजा था। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा एवं अन्य कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं के खिलाफ बिना किसी साक्ष्य विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा जिसके बाद ना ही कार्यवाही आगे बढ़ाई गई, ना आज पर्यन्त कांग्रेसजनों एवं सतनामी समाज के निर्दोष गिरफ्तार किये गये लोगों का चालान पेश किया गया है। सभा स्थल पर दोनों राजनैतिक दल सहित सतनामी समाज के नेता उपस्थित थे, लेकिन भाजपा समर्थित पीएचई ठेकेदार अजगल्ले एवं भाजपा के बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी, नेताओं की भूमिका संदिग्ध रही है।

### महिलाओं पर बढ़े अपराध

वर्तमान में प्रदेश में महिलाओं से जुड़े अपराध, सामूहिक दुष्कर्म, अनाचार, स्कूली छात्राओं के साथ छेड़छाड़, नाबालिग बच्चियों का लैंगिक शोषण, जैसी घटनाए लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रदेश की महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं ऐसे भी प्रकरण सामने आ रहे हैं, जहां पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाय पुलिस मामले में लीपापोती करती है, बल्कि घटना को दबाए जाने दबाव बनाया जा रहा है। प्रदेश के सरकारी हॉस्टल, छात्रावास भी बच्चियों के लिए सुरक्षित नहीं है। वहीं सरकार द्वारा हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने और अपनी नाकामी छुपाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर द्वेषपूर्वक कार्यवाही करने के लिए फर्जी एफआईआर दर्ज की जा रही हैं।

**ये थे मौजूद :** प्रतिनिधिमंडल में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, अमितेष शुक्ल, विधायक लखेश्वर बघेल, महापौर एजाज ढेबर, रायपुर सभापति प्रमोद दुबे, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष पीआर खुंटे, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी, प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा उपस्थित थे।

## श्रीराम चबूतरा में शेड बनाने 25 लाख, पटवा सामुदायिक भवन का लोकार्पण

# मूणत ने रायपुरा में 1 करोड़ से अधिक के कार्य शुरू कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड में श्रीराम चबूतरा रायपुरा पहुंचकर 11 स्थानों पर 86 लाख के नये विकास कार्यो का कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इसी तरह इंद्रप्रस्थ रायपुरा में पटवा समाज सामुदायिक भवन का 2 स्थानों पर 20 लाख में निर्मित नये भवनों का लोकार्पण किया।

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रायपुरा स्थित रामचबूतरा विधायक राजेश मूणत ने शेड बनाने 25 लाख और पटवा समाज के सामुदायिक भवन में शेड के लिए 5 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने वार्ड के नागरिकों ने बताया कि महादेवघाट



को दिव्य तीर्थ स्थल का स्वरूप देने जल्द कार्य प्रारंभ किया जायेगा। श्री मूणत ने अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने निर्देश दिये। कार्यक्रम में नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, वार्ड पार्षद वीरेन्द्र देवांगन, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, दीनबंधु सिंह ठाकुर, गोपी साहू, शारदा गिरी गोस्वामी, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष अशोक पांडे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ।

# सांसद बृजमोहन ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल गुरुवार को राजधानी के शहीद पंकज विक्रम वार्ड और शहीद राजीव पांडे वार्ड में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भाठागांव स्थित बीएसयूपी कालोनी एचपीएल में नाली मरम्मत, संधारण कार्य और 17 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, चबूतरा और रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके अलावा टिकरापारा के सरजूबांधा तालाब के पास विकास कार्यों का भूमिपूजन, शहीद पंकज विक्रम वार्ड के टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन परिसर में 41.11 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 15 लाख की लागत से गोंडवाना समाज भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण, 15 लाख रुपये से शेड और टैगोरनगर में 11 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीसी रोड के लिए 10




लाख रुपए अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की। गोंडवाना भवन टिकरापारा में 200 बेड की क्षमता वाले कन्या छात्रावास निर्माण की घोषणा की है। कार्यक्रम में सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जोन 6 अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव, जोन 5 अध्यक्ष मन्नू यादव, पार्षद उत्तम साहू, समीर अख्तर, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, मनीषा चंद्राकर सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

# बस्तर दशहरा : सीएम ने की आयोजन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय 75 दिन तक मनाये जाने वाले देश के ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इस दौरान बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सर्व संबंधितों को सौंपे गए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 75 दिन तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान के साथ 4 अगस्त 2024 से शुरू हो गया है, जो 19 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा।



यह दशहरा पर्व विभिन्न जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक है।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप तथा विधायक किरण सिंहदेव व लता उसेंडी और मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानन्द, बसवराजू एस, राहुल भगत और सचिव अन्बलगन पी, आयुक्त बस्तर डोमन सिंह, बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम, एसपी शलभ सिन्हा उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिले बाल कल्याण परिषद पदाधिकारी



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर पदाधिकारी महासचिव चंद्रेश शाह, उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में मुलाकात की। साथ ही राज्यपाल को शॉल, विशेष गुजराती पटका और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसी दौरान उन्हें परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने परिषद द्वारा संचालित स्पीच थेरेपी सेंटर, मानसिक दिव्यांग गृह, बाल जीवन ज्योति अनुसंधान केन्द्र, खुला आश्रय गृह, राज्य वीरता पुरस्कार और अन्य कार्यों से अवगत कराया।

## निधन

### आशा साहू



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी आशा साहू का 12 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मयूर साहू गोल्डी की माता और रमाकांत, विजय, राजू, अजय, शशिकांत, संकेत की चाची थीं।

### डॉ. बालचंद आहूजा



रायपुर। मेट्रो हाईट्स तेलीबांधा निवासी डॉ. बालचंद आहूजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 सितंबर सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राकेश, आशीष आहूजा के पिता थे।

### महेंद्र कुमार जैन



रायपुर। गणेशराम नगर निवासी महेंद्र कुमार जैन चूड़ी वाले (78) का 12 सितंबर को जबलपुर में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 सितंबर को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सनत कुमार, अनिल कुमार के भाई और मनोज जैन, मनीष जैन के पिता थे।

### तिरीथ बाई साहू



रायपुर। दुर्गा चौक बाड़ा अशोक नगर निवासी तिरीथ बाई साहू का 12 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अशोक नगर श्मशानघाट में किया गया। वे गोपीचंद साहू की माता एवं राहुल साहू की नानी थीं।

# सीमेंट कंपनियां ऐसी बेलगाम, दूसरे राज्यों के लिए 20 से 30 रुपए कम दाम, प्रदेश में वसूल रहीं ज्यादा कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने राज्य छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां ऐसी बेलगाम हो गई हैं कि लगातार मनमर्जी कर रही हैं। इनके खिलाफ रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने तो मोर्चा खोला ही है, कांग्रेस भी आंदोलन करने सड़क पर उतरी है। गुरुवार को प्रदेशभर में सभी बड़े नेताओं ने आंदोलन किया है, लेकिन इतना सब होने के बाद भी सीमेंट कंपनियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वहीं एक खुलासा यह हो रहा है कि दूसरे राज्यों को सभी सीमेंट कंपनियां छत्तीसगढ़ से 20 से 30 रुपए कम दाम पर सीमेंट बेचने का काम कर रही हैं। नान ट्रेड सीमेंट भी कम कीमत पर दिया जा रहा है। यहां पर यह 260 रुपए में दिया जा रहा है, जबकि इसको मप्र में 240 रुपए की दर से भेजा जा रहा है। इधर अल्ट्राटेक ने खुले बाजार के सीमेंट की कीमत दस रुपए और कम की है। ऐसे में अब सभी कंपनियों के सीमेंट की कीमत 35 रुपए कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में 9 बड़ी कंपनियों के 14 सीमेंट प्लांट हैं, जहां हर माह 30 लाख टन सीमेंट का उत्पादन होता है। इस सीमेंट की सबसे ज्यादा खपत बाहर के राज्यों में होती है। यहां पर उत्पादन का 25 फीसदी ही बिकता है, बाकी 75 फीसदी सीमेंट दूसरे राज्यों में जाता है। 9 दिन पहले भी कीमत में 50 रुपए का इजाफा किया गया, लेकिन इसके बाद रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इसके विरोध में पत्र लिखा और कांग्रेस ने भी इसके विरोध में आंदोलन का ऐलान किया, तो कंपनियों ने चौतरफा दवाब में कीमत कम करने का काम किया। जहां अल्ट्राटेक ने पहले 25 रुपए कीमत कम की, वहीं बाकी कंपनियों ने 35 रुपए तक दाम कर दिए। अब अल्ट्राटेक ने दस रुपए दाम और कम कर दिए हैं। ऐसे में सीमेंट की कीमत प्रदेश में 265 से 300 रुपए थोक में हो गई है।

## अल्ट्राटेक ने दस रुपए और घटाई कीमत, नान ट्रेड की अब तक नहीं की कीमत कम

### दूसरे राज्यों पर मेहरबानी

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां दूसरे राज्यों पर ज्यादा मेहरबान हैं। जानकारों का दावा है कि छत्तीसगढ़ में जिस कीमत पर सीमेंट बेचा जा रहा है, उससे 20 से 30 रुपए कम कीमत पर दूसरे राज्यों को बेचा जा रहा है। अल्ट्राटेक की यहां पर कीमत 310 रुपए है तो इसको दूसरे राज्यों को 280 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह से श्री सीमेंट की कीमत यहां पर 280 रुपए है, पर यह झारखंड और मप्र 250 से 260 में भेजा जा रहा है। इसी तरह से सभी कंपनियां दूसरे राज्यों को कम कीमत पर सीमेंट बेच रही हैं। इसी तरह से नान ट्रेड सीमेंट भी छत्तीसगढ़ से 20 रुपए कम पर मप्र और दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है।



### बिलिंग में भी खेल

जानकारों का कहना है कि सीमेंट कंपनियां ने भले कीमत करने की बात की है, लेकिन जहां तक बिलिंग का सवाल है तो उसमें बड़ा खेल हो रहा है, उसमें अब भी बढ़ी कीमत ही बताई जा रही है। बिलिंग को कम नहीं किया जा रहा है। इसके एवज में डीलरों को अलग-अलग स्कीम के तहत फायदा दे दिया जाता है।

## आरडीए ने जारी किया वर्कआर्डर, 150 करोड़ का प्रोजेक्ट

# पंडरी के हाट बाजार में खाली होने लगे चबूतरे, एकता मॉल के लिए तोड़फोड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी हाट बाजार में गुजरात की तर्ज पर छह मंजिला पीएम एकता मॉल बनेगा। इसके लिए हाट बाजार के चबूतरों से समान की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। खाली हो रही जगह में तोड़फोड़ के साथ अनुबंधित एजेंसी स्पेस क्लीयर करने जुट गई है। 27 माह में यह मॉल बनकर तैयार होगा। रायपुर विकास प्राधिकरण ने पीएम एकता मॉल निर्माण के लिए रायपुर की एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया है। एकता मॉल में देशभर के 28 राज्यों के हस्तशिल्प उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। दरअसल, देवेन्द्र नगर के पंडरी स्थित हाट बाजार वाली जगह पर केन्द्र सरकार की योजना के तहत यहां पीएम एकता मॉल का निर्माण होगा। इसके लिए शुरुआत में चबूतरों को खाली कर उसमें रखे समान की शिफ्टिंग की जा रही है। 150 करोड़ की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के सुपरविजन का जिम्मा रायपुर विकास प्राधिकरण को दिया गया है। प्राधिकरण को इसके एवज में 15 फीसदी राशि सुपरविजन शुल्क के रूप में मिलेगी। प्राधिकरण ने ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर के डीईई और वीईई प्रोजेक्ट लिमिटेड तथा दीपक पांडे को संयुक्त रूप से अनुबंधित किया है। मॉल में अलग-अलग राज्यों के उत्कृष्ट हस्तशिल्प कलाकृति के स्टॉल रहेंगे। मॉल का सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 4,73,392 वर्गफीट एरिया रहेगा।

- 27 माह में तैयार होगी 6 मंजिला बिल्डिंग, एक जिला एक उत्पाद की तर्ज पर स्टॉल

**27 माह में तैयार होगी 6 मंजिला बिल्डिंग**




सीसीटीवी से लैश परिसर, सेंट्रलाइज्ड एसी, डबल बेसमेंट में पार्किंग की मिलेगी सुविधा

### 200 सीटर आडिटोरियम बनेगा

पीएम एकता मॉल में 200 सीटर क्षमता वाला आडिटोरियम भी बनाया जायेगा। यह कार्यक्रम, सम्मेलन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। रायपुर विकास प्राधिकरण ने मॉल की डिजाइन तय की है। इसके अनुसार बहुमंजिला एकता मॉल बनाया जायेगा।

### एक जिला एक उत्पाद की तर्ज पर स्टॉल

एकता मॉल में एक जिला एक उत्पाद की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के चुनिंदा उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। साथ ही देश के प्रमुख राज्य जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश,बिहार, झारखंड, ओडिसा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, बंगाल सहित 28 राज्यों के बेस्ट प्रोडक्ट उपलब्ध रहेंगे। योजना का मकसद स्थानीय शिल्प को संरक्षित कर पारंपरिक कला को बढ़ावा देना है।

### एजेंसी ने शुरू किया है काम

एकता मॉल निर्माण के लिए एजेंसी को वर्कआर्डर जारी होने के बाद उसने काम शुरू कर दिया है। समान की शिफ्टिंग के साथ खाली हो रहे स्पेस को क्लीयर करने का कार्य चल रहा है। 27 माह की समय अवधि कार्य पूरा करने अनुबंधित एजेंसी को दी गई है।

**- अनिल गुप्ता**
अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण

# मध्यप्रदेश निर्मित शराब के साथ चार गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने एक मकान में दबिश देकर तीन लाख रुपए कीमत की मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब जब्त की है। साथ ही पुलिस ने अवैध रूप से शराब भंडारण करने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शराब मामले में पुलिस फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस की जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक कोटा, सतनामी पारा स्थित मकान में छापे की कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब भंडारण करने के आरोप में तुलेश्वर धृतलहरे, हुकूमत खंडेलवाल, अनुराग सिंह राजपूत तथा उमेश सोनवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अनुराग सिंह तथा उसके साथियों द्वारा लंबे अरसे से पड़ोसी राज्यों से शराब लाकर खपाने की जानकारी मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर नजर रखने के साथ मुखबिर की मदद ली। गौरतलब है कि पड़ोसी राज्यों में शराब की कीमत छत्तीसगढ़ से अपेक्षाकृत कम है। इसका फायदा उठाते हुए तस्कर ओडिशा, मध्यप्रदेश, हरियाणा से बड़े पैमाने पर यहां शराब तस्करी कर रहे हैं। राजधानी की घनी आबादी वाली बस्ती में तस्करी के माध्यम से 17 पेटी से ज्यादा शराब पकड़ाना आबाकारी विभाग के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान है।

- चार आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपए की विदेशी शराब जब्त

## पेज 9 के शेष

### बारहमासी 20 रुपए में...

डबल या इससे ज्यादा न वसूले जा रहे हों। कीमत पर किसी भी तरह का सरकारी अंकुश न होने का फायदा कारोबारी जमकर उठा रहे हैं और आम ग्राहकों को लूटने का काम हो रहा है। धनिया चिल्हर में चार सौ रुपए किलो बिक रहा है, जबकि थोक में इसकी कीमत 180 से 200 रुपए है। लहसुन की कीमत चिल्हर में 500 रुपए तक पहुंच गई है। महंगाई बिलकुल भी थमने का नाम नहीं ले रही है। आम आदमी जब बाजार में खरीदारी करने निकलता है, तो उसे जोर का झटका लगता है। कब किस सामान की कीमत बढ़ जाए कहा नहीं जा सकता। सब्जियों की कीमत में बड़ा खेल हो रहा है। एक दिन पहले जो कीमत रहती है, उससे कब कीमत डेढ़ गुना या फिर डबल हो जाए कहा नहीं जा सकता। कुछ दिनों पहले भिंडी 40 रुपए किलो हो गई थी, लेकिन एक ही दिन में यह चिल्हर में अचानक 80 रुपए हो गई। इसी तरह से कई बार 20 रुपए का टमाटर कब 40 और फिर 60 रुपए हो जाता है, पता नहीं चलता। इसी तरह से किसी भी सब्जी के दाम कभी भी बढ़ जाते हैं।

**लहसुन चिल्हर में 500 रुपए:** लहसुन की कीमत एक बार फिर बीते साल की तरह ही आसमान पर चली गई है। अब थोक में जहां अच्छी क्वालिटी की बड़ी साइज की लहसुन 300 रुपए किलो है, वहीं चिल्हर में यह 125 रुपए पाव बिक रही है। यानी 500 रुपए किलो।छोटी साइज की लहसुन थोक में 240 रुपए किलो है, लेकिन चिल्हर में यह सौ रुपए पाव बिक रही है।

### 200 का धनिया...

वहीं चिल्हर में यह सौ रुपए तक बिक रहा था। कहीं 25 रुपए पाव तो कही 30 रुपए पाव कीमत थी। लेकिन एक ही माह के अंदर कीमत बढ़ते-बढ़ते माह के अंत में 300 रुपए तक पहुंच गई, अब इस माह कीमत 400 रुपए तक हो गई है। अब चिल्हर में इसकी कीमत 100 रुपए पाव हो गई है। जहां तक थोक का सवाल है तो थोक में इसकी कीमत 180 से 200 रुपए है।

### हर सब्जी की...

भट्टा 10 से 15 रुपए किलो है, लेकिन चिल्हर बाजार में यह 60 रुपए किलो बिक रहा है। इसी तरह से बरबट्टी थोक में 50 से 60 रुपए किलो है, चिल्हर में यह 100 से 120 रुपए किलो बिक रही है। सेमी भी थोक में 50 से 60 रुपए किलो है, लेकिन चिल्हर में यह 40 रुपए पाव के हिसाब से 160 रुपए में बिक रही है। इसी तरह से हर सब्जी में मनमानी कीमत वसूली जा रही है।

### कद्दू थोक में...

सवाल है तो कद्दू की कीमत डूमरतराई के थोक बाजार में 7 से 8 रुपए है, लेकिन यह चिल्हर बाजार में 40 रुपए तक बेचा जा रहा है। इसी तरह से लौकी की कीमत थोक में 12 से 15 रुपए है, पर यह चिल्हर में 40 रुपए कर बिक रही है।

### रिजल्ट जारी नहीं...

आयोजन के बाद से अलग-अलग कारण बताकर परिणाम घोषित नहीं किए गए। इसके कारण अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए 90 दिनों के भीतर परीक्षा परिणाम जारी करने आदेश जारी किया था। हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश की मियाद नौ सितंबर को समाप्त हो गई, बावजूद इसके एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया। इस बात से हताश तथा निराश अभ्यर्थी चरणबद्ध आंदोलन करने के साथ शासन तथा प्रशासन से परिणाम जारी करने आंदोलन कर रहे हैं।

**दौड़ लगाने से लेकर आमरण अनशन:** एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने गृहमंत्री से भेंट करने से लेकर पुलिस मुख्यालय पहुंचकर तेज बारिश के बीच प्रदर्शन तक कर चुके हैं। अभ्यर्थियों के अनुसार उन्हें अब तक आश्वासन ही मिला है। इसके चलते अभ्यर्थियों ने शहर के चौक-चौराहों में भीख मांगने से लेकर कैडल मार्च तक निकाल चुके हैं। परिणा जारी करने की मांग को लेकर एक अभ्यर्थी ने दुर्ग से रायपुर तक दौड़ लगाया है। साथ ही एक अभ्यर्थी तूता स्थित धरना स्थल में आमरण अनशन कर रहा है।

### यू ट्यूब में वीआईपी...

मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाशों में के. अनिल कुमार चोरी के जेवर खपाने का काम करता था। ओडिशा का चोर गिरोह चोरी की घटना को अंजाम देने के एक सप्ताह पूर्व ही रायपुर आया था। गिरोह में शामिल बदमाशों ने शहर के अलग-अलग वीआईपी कालोनी में रैकी करने के बाद 28-29 अगस्त की दरमियानी रात सुमन तिवारी के सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए गिरोह में आधा दर्जन के करीब बदमाश शामिल हैं। बदमाशों ने रायपुर में चोरी करने के पहले ओडिशा के अलग-अलग शहरों में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### कल से फिर...

है, लेकिन सरगुजा संभाग में विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके पूर्व 13 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है।

# स्वीपिंग मशीन से सफाई का बढ़ेगा दायरा 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट तैयार

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश में 12वें पायदान पर आने के बाद टॉप टेन पर नजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर की हवा साफ होने से अब रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई का दायरा बढ़ाया जायेगा। इसके लिए 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट चार्ट तैयार हो गया है। यानी ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर इसके जरिये धूल कम की जायेगी। अभी तक 86 किलोमीटर दायरे की सड़क की मेकैनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से सफाई हो रही है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में रायपुर शहर देश के 130 शहरों में सफाई के मामले में 12वें नंबर पर आने के बाद अब टॉप टेन में आने की संभावना बढ़ गई है। शहर की हवा स्वच्छ होने में रोड स्वीपिंग मशीन की अहम भूमिका मानी जा रही है। इसीलिए अब स्वीपिंग मशीन का दायरा बढ़ाया जायेगा। दरअसल, शहर की सड़कों पर उड़ने वाली बारीक धूल के कण की सफाई करना निगम के लिए एक बड़ी चुनौती रही। मेनुवल तरीके से सड़क की सफाई के दौरान उड़ने वाले धूल के बारीक कण की सफाई नहीं हो पा रही थी। आमतौर पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल, तोड़फोड़ और सड़कों पर उड़ने वाली धूल के कण पीएम-10 के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसे हटाने मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर नगर निगम ने मेकैनाइज्ड स्वीपिंग सिस्टम 3 साल पहले शुरू किया। इसके तहत कंपनी ग्लोबल गूच एलपी के साथ अनुबंध किया गया। एजेंसी द्वारा शहर की 86 किलोमीटर दायरे की सड़क की मशीन से रात्रिकालीन सफाई कराने 5 रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें से 4 मशीनें अलग-अलग रूट पर रात के समय सड़क की धुलाई और धूल की सफाई के लिए लगाई गई हैं, जबकि 1 मशीन को रिजर्व रखा गया है। 2025 में नए सिरे से वर्कआर्डर जारी किये जाएंगे, इसके साथ ही 2 अतिरिक्त मशीन रात्रिकालीन सफाई में लगाने की तैयारी है।

- अभी तक शहर के 86 किलोमीटर सड़क की स्वीपिंग मशीन से हो रही सफाई
- अनुबंधित कंपनी को अगले साल नए सिरे जारी होगा वर्कआर्डर

### 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट इस तरह

- बूढ़ेश्वर मंदिर से पुलिस लाइन गेट
- चांदनी चौक से नीलकंठेश्वर मंदिर तक
- सिद्धार्थ चौक से कमलविहार गेट तक
- एम्स हास्पिटल से हीरापुर चौक
- रेलवे स्टेशन से फुंडहर चौक
- मेकहारा से एमएमआई हास्पिटल फ्लाईओवर
- सिद्धार्थ चौक से कमल होटल
- जगन्नाथ चौक से जोन 8 तक
- अटल एक्सप्रेस वे चौक से कमलविहार चौक तक
- सिटी सेंटर मॉल से किसान बाजार तक
- पंडरी कपड़ा मार्केट से सिटी सेंटर मॉल होते हुए झंडा चौक तक
- लोधीपारा चौक से विधानसभा गेट नंबर 3
- तेलघानी नाका से खालबाड़ा चौक होते हुए जगन्नाथ चौक
- भारतमाता चौक से गोंदवारा चौक
- विश्वरैया चौक से नेताजी चौक तक
- उषा प्राइड से रामकी पार्किंग
- टाटीबंध चौक से भनपुरी चौक तक
- तात्यापारा चौक से तेलघानी चौक
- फुंडहर चौक से एयरपोर्ट तक

### 83 किलोमीटर दायरे के पुराने रूट इस तरह

- पुरानी बस्ती से लाखेनगर
- लाखेनगर से रायपुरा होते हुए महादेवघाट
- रायपुरा चौक से गोल चौक होते हुए एनआईटी
- सुंदरनगर से धुप्पड़ चौक, धुप्पड़ चौक से समता कालोनी, चौबे कालोनी
- कटोरा तालाब से कपूर हॉटल
- नेताजी चौक से रिंगरोड तक
- रिंग रोड से राजेन्द्र नगर मार्ग
- कटोरातालाब से शैलेन्द्र नगर वाया पुजारी पार्क
- पुजारी पार्क से टैगोर नगर रोड
- भगतसिंह चौक वाया जोगी बंगला होते हुए लक्ष्मीदेवी हास्पिटल से मेमन हास्पिटल शैलेन्द्र नगर
- ओसीएम चौक से सतपथी चौक, गुरुनानक चौक से श्यामनगर चौक
- बस स्टैंड से भाठागांव ओवरब्रिज तक
- कैलाशपुरी से बूढ़ापारा चौक, पेंशनबाड़ा से कालीबाड़ी चौक
- शास्त्री चौक से महिला थाना, महिला थाना से सिद्धार्थ चौक
- काली मंदिर से कलेक्टोरेट तक

इसी तरह अन्य चिन्हांकित रूट की सड़क पुराने रूट में शामिल है।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं दिलीप विनायक देशमुख, उम्र 68 वर्ष, पिता- विनायक राव देशमुख, निवासी- फ्लैट नं. 207, ओम श्री फेस-2, वीआईपी क्लब के पास, वीआईपी स्टेट, सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि, मेरे नाम से पासपोर्ट क्र. M2758229 बना हुआ है जिसमें मेरा नाम दिलीप कुमार देशमुख (DILIP KUMAR DESHMUKH) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड क्र. 7232 3198 3095 में मेरा नाम दिलीप विनायक देशमुख (DILIP VINAYAK DESHMUKH) दर्ज है।
3. यह कि, दिलीप कुमार देशमुख ( DILIP KUMAR DESHMUKH ) एवं दिलीप विनायक देशमुख (DILIP VINAYAK DESHMUKH ) ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है। तथा मैं भविष्य में दिलीप विनायक देशमुख (DILIP VINAYAK DESHMUKH) के नाम से जाना पहचाना जाना चाहता हूँ तथा मेरे समस्त दस्तावेजों में यही नाम अंकित करवाना चाहता हूँ।
4. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता

**सत्यापन-** मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित कंडिका 1 से 4 तक के कथन मेरे निजी ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 12.09.2024

शपथकर्ता
दिलीप विनायक

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं श्रीमती सुचिता देशमुख, उम्र 63 वर्ष, पति दिलीप विनायक देशमुख, निवासी- फ्लैट नं. 207, ओम श्री फेस-2, वीआईपी क्लब के पास, वीआईपी स्टेट, सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूं कि :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि, मेरे नाम से पासपोर्ट क्र. M0299858 एवं आधार कार्ड क्र. 2199 6975 0346 में मेरे पति का नाम दिलीप कुमार देशमुख (DILIP KUMAR DESHMUKH) दर्ज है जबकि मेरे पति का वास्तविक नाम दिलीप विनायक देशमुख (DILIP VINAYAK DESHMUKH ) है, जो कि वास्तविक नाम है।
3. यह कि, दिलीप कुमार देशमुख (DILIP KUMAR DESHMUKH) एवं दिलीप विनायक देशमुख (DILIP VINAYAK DESHMUKH ) ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पति के नाम है। तथा मैं भविष्य में मेरे पति को दिलीप विनायक देशमुख (DILIP VINAYAK DESHMUKH ) के नाम से जाना पहचाना जाये तथा मेरे समस्त दस्तावेजो में यही नाम अंकित करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ती

**सत्यापन-** मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित कंडिका 1 से 4 तक के कथन मेरे निजी ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 12.09.2024

शपथकर्ती
सुचिता देशमुख

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मनोज बंजारे आत्मज श्री बुधराम बंजारे निवासी ग्राम टेमरी, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ ने विक्रेता श्री हरदेव पटेल आत्मज स्व. खोरबाहरा निवासी ग्राम धरपमुरा, छत्तीसगढ़ से उनके स्वत्व, स्वामित्व, हित, अधिकार व आधिपत्य की ग्राम धरमपुरा, प.ह.नं. 00078, रा.नि.मं. रायपुर-18 कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 59/2 क्षेत्रफल 0.0930 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का करार कर अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया है और अब मात्र पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतएव उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, हक, हित, आधिपत्य एवं कब्जा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, साहूकार, शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मय दस्तावेज के नीचे दिये पते पर लिखित में अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर किसी भी प्रकार से, बंधनकारी नहीं होगा एवं उक्त करारशुदा भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में करा लिया जावेगा।

अतः सूचना जानिए।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 12/09/2024

होरीलाले चन्द्राकर
अधिवक्ता कक्ष क्रं. 104, टेबल नंबर 10 प्रथम तल, जिला न्यायालय परिसर, रायपुर (छत्तीसगढ़)

**NAME CHANGE**

This Is To Be Informed To The General Public That. I **MISHREE SINGH CHAUHAN S/O Mr. JAIKARAN SINGH CHAUHAN** AGE 61 YEARS. Resident Of House No.138, Kusum Nagar, Station Para Ward No.07, Rajnandgaon, 491441, Chhattisgarh. Have Changed My Old Name **MISHRI SINGH CHAOUHAN To MISHREE SINGH CHAUHAN**.

So In Future I Should Be Recognized By My New Name That Is **MISHREE SINGH CHAUHAN S/O Mr. JAIKARAN SINGH CHAUHAN**, in All Government And Other Documents.

**MISHREE SINGH CHAUHAN**
**Add.: House No.138, Kusum Nagar, Station Para Ward No.07, Rajnandgaon, 491441, Chhattisgarh.**

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री मोहन कुमार बघेल पिता रामाधीन बघेल निवासी ग्राम छांटा पो. पटेवा थाना व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर एवं कु.अंबिका साहू पिता श्री रूपेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम परसदा (सोंठ) पो. पोंड थाना व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 29 सितम्बर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 30 अगस्त, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सांसद बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन, जताया आभार

**रायपुर।** अपनी मांगों को लेकर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा ने बताया कि प्रमुख मांग कचहरी चौक में शहीद हेमू कालाणी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और हेमू कालाणी चौक का सौंदर्यीकरण किए जाने के लिए दस लाख की मांग की है, जिस पर सांसद श्री अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द शहीद हेमू कालाणी की मूर्ति और चौक सौंदर्यीकरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा, अमर गिदवानी आदि ने आभार जताया।

### महर्षि कश्यप मुनि जन्मोत्सव सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**रायपुर।** केशरवानी वैश्य कल्याण समिति द्वारा महर्षि कश्यप मुनि का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा की जगह महर्षि कश्यप की पूजा, महायज्ञ, महाआरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसी दौरान नवनियुक्त केशरवानी वैश्य कल्याण समिति और महिला सभा रायपुर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, महामंत्री शिवम केशरवानी, कोषाध्यक्ष अशोक केशरवानी, दोनों समिति के अन्य पदाधिकारियों ने भी शपथ ली। विशेष अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भूमि आवंटन में सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

# बारिश इतनी ज्यादा, दूसरी फसल लगाने सूख नहीं रही जमीन, घटी सब्जियों की आवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सावन महीना के बाद भी राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश लगातार रुक-रुक हो रही है, जिसका असर सब्जियों की फसलों पर तो पड़ा ही है, साथ ही खेतों की जमीन भी सूख नहीं पा रही है। मई-जून में लगाई गई फसल की कटाई के बाद से किसान खेतों के सूखने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण जमीन सूख नहीं पाई है। इसके कारण किसान नई फसल लगाने के लिए खेतों की जुताई भी नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि मंडियों में सब्जियों की आवक में भी भारी गिरावट आई है, जिसके कारण सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है।

हरिभूमि ने थोक मंडी से लेकर चिल्हर सब्जी बाजार में सब्जियों की आवक घटने और बढ़े भाव का कारण का पता लगाने के लिए राजधानी के कुछ किसानों के खेतों में जाकर पड़ताल की।

**केस 1**

भाठागांव से खुड़मुड़ा जाने वाले चूनाभट्टी काठाडीह बाईपास रोड से लगे इलाके में पिछले 15 साल से सब्जियों की खेती कर रहे किसान गोरांगो साहू ने बताया कि उसने जून में 3 एकड़ में लालभाजी, पालक, धारी तोरई, सेमी, फूल गोभी एवं बरबट्टी फसल के लिए बीज की बोवाई की थी। ये सभी फसलें तैयार भी हो रही थीं, लेकिन कुछ दिनों पूर्व मुसलाधार बारिश होने से उनके खेतों में घुटने तक पानी भर गया है, जिससे उनकी पूरी फसलें खराब हो गई। किसान ने बताया कि बारिश इतनी ज्यादा हुई है कि खेत में ही बने उनके घर के अंदर भी पानी भर गया था, जो बारिश थमने के बाद करीब 5-6 घंटे के बाद कम हुआ। फसल बर्बाद होने के बाद अब वह नई फसल के लिए जुताई भी नहीं कर पाएंगे, क्योंकि उनके पूरे खेत की जमीन गीली है। जमीन सूखने के बाद वह दूसरी फसल के लिए जुताई कर बुवाई कर पाएंगे।





**केस 2**

भाठागांव में ही करीब 9 एकड़ में सब्जियों की खेती करने वाले किसान देवेंद्र सोनकर ने बताया कि इस बार जरूरत से ज्यादा बारिश हो गई है, जिससे सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि जून में 4 एकड़ में मक्का के बीज लगाए थे। ज्यादा बारिश होने के कारण उनकी पूरी फसल बर्बाद हो गई, वहीं एक एकड़ में लालभाजी और 2 एकड़ में फूल गोभी का बीज लगाया है। बारिश का पानी की निकासी होने की वजह से इन दोनों फसलों को नुकसान कम पहुंचा है। किसान ने बताया कि 4 एकड़ की फसल बर्बाद होने के बाद भी सप्ताह में बारिश हो जाती है, जिससे जमीन सूख नहीं पा रही है। जमीन सूखने के बाद ही नई फसल लगाने के लिए जोताई और बोवाई हो पाएगी।

इस पड़ताल से पता चला कि सब्जियों की आवक घटने के कारणों में एक जून में लगाई गई कई फसलें ज्यादा बारिश होने से खराब हो गई, वहीं दूसरा कारण फसल की कटाई के बाद खेतों की जमीन अब तक सूख नहीं पाई है, जिससे खेतों की जुताई भी नहीं हो पा रही है। इन कारणों से आवक घटी है, जिससे सब्जियों की कीमतों में भी उछाल आया है।

### नई फसल तैयार होने में लगेगा डेढ़-दो माह का समय

किसानों ने बताया कि बारिश रुक-रुक कर लगातार हो रही है। ऐसे में खेतों की जमीन सूखने में समय लगेगा। जमीन सूखने के बाद ही नई फसलों के लिए वे जुताई और बोवाई का काम शुरू कर पाएंगे। इस काम में 10 से 15 दिन और समय लग सकता है, जिसके बाद नई फसल तैयार होने में करीब एक महीना और लगेगा। इसके बाद नई फसल नवंबर तक बाजार में आ सकती है। किसानों ने बताया कि नई फसलों की कटाई के बाद ही सब्जियों की आवक बढ़ेगी और कीमत घटेगी।

## जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग के 57 छात्रावासों की 678 सीटें इस साल नहीं भरी

# स्कूल-कॉलेज के पास हास्टल में रखने की चाहत शहर में दोगुने विद्यार्थी, आउटर में सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आदिवासी क्षेत्र के लोगों में अब बेटे-बेटी को अच्छे स्कूल-कॉलेज में शिक्षा दिलाने की चाहत बढ़ने लगी है। इसका असर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित हास्टलों पर भी पड़ने लगा है। सिटी में कई कन्या एवं बालक छात्रावास ऐसे हैं, जिनमें क्षमता से डेढ़ से दोगुने विद्यार्थी रह रहे हैं। वहीं जिले के अन्य क्षेत्र में संचालित हास्टल में सीटें भी नहीं भर पाई हैं। यह खुलासा विभाग द्वारा चालू शिक्षा सत्र के लिए बनाई रिपोर्ट में हुआ है।

राजधानी में आकर धुर आदिवासी क्षेत्र के बेटे-बेटियां भी ऊंची तालीम ले सकें, इसके लिए उन्हें अवसर देने के लिहाज से विभाग द्वारा जिले में 57 छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 27 छात्रावास केवल रायपुर सिटी क्षेत्र व इसके आसपास संचालित हैं। इनमें आदिवासी ही नहीं, बल्कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं की शिक्षा में सहभागिता निभाने के लिए विभाग के माध्यम से सरकार भी उनकी बेहतरी के लिए प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ विभाग द्वारा छात्रावासों की व्यवस्था को ताक पर रखते हुए किसी हास्टल में क्षमता से डेढ़ से करीब दोगुने लोगों को रहने की सुविधा दी जा रही, तो कहीं छात्रावासों में क्षमता के अनुरूप भी विद्यार्थी नहीं हैं। इस तरह की स्थिति सिटी के छात्रावासों में ज्यादा देखने को मिल रही है। इनमें छात्र-छात्राएं दोनों क्षमता से ज्यादा हैं।

### इस क्षेत्र में विभाग के हास्टल

रायपुर में ही विभाग के कालीबाड़ी, पेंशनबाड़ा, सरोरा, सुन्दर नगर, डंगनिया, डूंडा, देवपुरी में ही 27 कन्या एवं बालक छात्रावासों का संचालन जारी है। इनके अलावा धरसीवा, सिवनी, कोलर, बेन्द्री, अभनपुर, पारागांव, आरंग, भानसोज, मंदिर हसौद, समोदा, भंडारपुरी, कोसरंगी, चंदखुरी, तिल्दा, खौना और खरोरा में करीब 20 छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से सिटी में स्कूल-कॉलेज के आसपास के हास्टल में तय सीट से ज्यादा विद्यार्थी रहते हैं। इस तरह की स्थिति इसलिए बन रही है, क्योंकि आदिवासी क्षेत्र के लोग घर से बाहर बेटे-बेटी को भेजते समय चाहते हैं कि उनके बच्चे शैक्षणिक संस्थान के आसपास ही रहें, ताकि परिवहन खर्च कम हो सके।




### आग्रह पर दी जाती है परमिशन

आदिवासी क्षेत्र के लोग बेटे-बेटियों को पढ़ाने के लिए सिटी के स्कूल-कॉलेज में प्रवेश दिलाने के बाद चाहते हैं कि आस-पास हास्टल की सुविधा मिले। उनके आग्रह और समस्या को देखते हुए जहां वे चाहते हैं, हास्टल में प्रवेश दिया जाता है। वहीं आउटर क्षेत्र में ऐसी स्थिति नहीं है।

- **विजय कंवर**, सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, रायपुर

| क्षेत्र | छात्रावास में सीट | कन्या | बालक | रह रहे हैं |
|---|---|---|---|---|
| कालीबाड़ी | 50 | कन्या | ----- | 80 |
| पेंशनबाड़ा | 50 | ----- | बालक | 90 |
| पेंशनबाड़ा | 100 | ----- | बालक | 126 |
| मोतीनगर रायपुर | 100 | ----- | बालक | 82 |
| कविता नगर रायपुर | 100 | कन्या | ----- | 38 |
| कोलर | 50 | ----- | बालक | 19 |

### अलग-अलग कैटेगरी में सुविधा

विभाग के रिकार्ड की जांच में पाया गया कि शासकीय प्री.मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, पीएमटी, स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को आवास की सुविधा देने के लिए शासन द्वारा पहल की जाती है। इस तरह का सिस्टम इसलिए बनाया गया है, ताकि आदिवासी क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर किया जा सके। इस लिहाज से राजधानी में 27 छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। इनमें छात्र-छात्राओं को रहने के साथ भोजन व सुरक्षा की जिम्मेदारी विभाग द्वारा निभाई जाती है। इसके लिए सरकार द्वारा हर साल बजट भी दिया जाता है। इसके बाद में तय सीट के अनुसार विभाग व्यवस्था नहीं बना रहा है। इससे कहीं ज्यादा तो कही सीट खाली हैं।

## चार घंटे की कार्रवाई में हवा में बात करने वाले 80 बुलेट जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- मोडिफाई सायलेंसर लगाकार तेज रफ्तार बुलेट चलाने वालों को लगा पांच-पांच हजार का फटका

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के व्यस्त मार्गों पर मोडिफाई सायलेंसर लगाकर तेज रफ्तार बुलेट वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस कार्रवाई की जद में 80 बुलेट चालक फंसे। मोडिफाई सायलेंसर लगाकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ पांच-पांच हजार रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई।

ट्रैफिक के साथ थानों की पुलिस ने बुलेट चालकों के खिलाफ बुधवार साम छह बजे से लेकर 10 बजे रात तक अभियान चलाकर कार्रवाई की। इनमें प्रमुख रूप से वीआईपी रोड, तेलीबांधा थाना के सामने के साथ ही जलविहार कालोनी जाने वाले मार्ग में कार्रवाई की। पुलिस ने बुलेट के साथ अन्य तेज रफ्तार तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## बिजनेस साइट

### श्री शिवम का 'सिल्कोत्सव' 14 सितंबर से, महिलाओं के लिए एक खास अवसर



**रायपुर।** मध्यभारत के अग्रणी फैशन स्टोर श्री शिवम ने एक बार फिर अपने प्रतिष्ठित 'सिल्कोत्सव' की घोषणा की है, जो 14 से 24 सितंबर तक आयोजित होगा। इस उत्सव में महिलाएं सिल्क साड़ियों की एक शानदार और विविध रेंज का अनुभव कर सकेंगी। श्री शिवम, जो दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, जबलपुर, भोपाल और नागपुर में अपनी विश्वसनीयता और लोकप्रियता के लिए जाना जाता है, इस बार 52 प्रकार की सिल्क साड़ियों का अद्वितीय संग्रह प्रस्तुत कर रहा है। यह उत्सव सिल्क के शिल्पकारों और बुनकरों को समर्पित है, जिन्होंने इन साड़ियों को विशेष रूप से तैयार किया है। 'सिल्कोत्सव' में बनारसी, कांचीपुरम, रियलजरी कोटा, कतान, मूंगा मैसूर, लिनेन सिल्क, तान्योई, इक्कत, पटोला, बंधनी लिनेन, टिसु, पाइथानी, चंदेरी, महेश्वरी, मलबरी सिल्क, बालूचेरी, असर, उप्पडा, धरमावरम, गोदावरी पोचमपल्ली, शांतिनिकेतन, धकांई, डुपियन और कोसा सिल्क जैसी अद्वितीय साड़ियों का संग्रह प्रस्तुत किया जाएगा।

### केवी मोटर्स में एल-5 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर लॉन्च



**रायपुर।** बढ़ते प्रदूषण और ई-वाहनों की बढ़ती मांग के बीच राजधानी में 11 सितंबर को भारत का पहला 'डबल बैटरी लिथियम' एल-5 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर लॉन्च किया गया। इस मौके पर केवी मोटर्स शोरूम में अतुल मोबिली और अतुल एनर्जी नामक दो मॉडल प्रस्तुत किए गए। इस लॉन्च समारोह में कंपनी के रीजनल मैनेजर अमित वर्मा ने बताया कि ये नए मॉडल एक सिंगल चार्ज पर 200+ किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करते हैं। यह डबल बैटरी लिथियम तकनीक पर आधारित भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर है। केवी मोटर्स के संचालक हितेश पिथालिया ने कहा कि उनकी कंपनी पिछले 4 वर्षों से उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान कर रही है और ग्राहकों को रोजगार के साथ-साथ वाहन सुविधाएं उपलब्ध कराती है।

### आईबीजेए अध्यक्ष कोठारी ने अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स का किया दौरा



**रायपुर।** कोतवाली चौक स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में भारतीय बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी ने एक महत्वपूर्ण दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने एटी ज्वेलर्स के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया से मुलाकात की और आगामी आईपीओ के संबंध में विचार-विमर्श किया। श्री कोठारी ने ज्वेलरी उद्योग की संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा की और इस क्षेत्र में निवेश के नए अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया। बातचीत के दौरान श्री बरड़िया ने अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

### एसआरयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला




**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान एवं मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'शोध पद्धति उपकरण एवं तकनीक' पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में देशभर के विभिन्न राज्यों से 120 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन भाग लिया।
उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रो. आरआरएल बिराली ने शोध और कार्यशाला से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए विभिन्न संकायों और विषयों के सहयोग से शोध को कैसे उन्नत किया जा सकता है, इस पर जोर दिया।

### मैट्स विश्वविद्यालय में वेब स्क्रैपिंग पर कार्यशाला



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी स्कूल ने बीसीए और एमसीए कार्यक्रमों के अंतिम वर्ष के छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए 'वेब स्क्रैपिंग' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को वेब स्क्रैपिंग की अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने प्रतिभागियों की सराहना की।

### कोलंबिया कॉलेज में वैल्यू एडेड कोर्स का समापन




**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज के शिक्षा संकाय ने 'योगा एंड योगिक प्रैक्टिसेज' पर आयोजित वैल्यू एडेड कोर्स का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी रहे। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे और उपप्राचार्य डॉ. आभा दुबे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## गलत इलाज करने वाले डाक्टर की डिग्री की जांच कर पुलिस दर्ज करे हत्या का मामला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- पीड़ित माता-पिता ने पत्रकार वार्ता में बताई आपबीती

गर्भवती पत्नी नीरा बाई पहाड़िया को 21 अगस्त को बुखार होने पर छुरा में इलाज के लिए दोपहर तीन बजे ले जाया गया। वहां डाक्टर ने जांच के बाद बताया कि जच्चा-बच्चा ठीक हैं। बाटल चढ़ाने और दवा देने के बाद शाम को छुट्टी दी गई। रात में दवा खाने के बाद पेट में दर्द होने पर पीड़िता को फिर हास्पिटल में भर्ती किया गया। जांच के बाद बच्चे को मृत बताते हुए नार्मल डिलीवरी कराई गई। पत्रकारवार्ता में यह जानकारी पीड़िता नीरा बाई के पति राम सिंह पहाड़िया ने दी।

उन्होंने बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत इलाज का हवाला देकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। पीड़ित पति-पत्नी ने बताया कि घटना की जानकारी थाने में देने पर वहां लिखित में शिकायत लेकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। हमने अपना बच्चा खो दिया, इसलिए नहीं चाहते कि आने वाले समय में किसी अन्य परिवार को इस तरह के हालात का सामना करना पड़े।

इसे देखते हुए हम मांग करते हैं कि गलत इलाज करने वाले डाक्टर की डिग्री की जांच के बाद उसके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही हास्पिटल की मान्यता को खत्म की जाए, ताकि गांव में रहने वाले लोगों का जीवन गलत इलाज से होने वाली मौत से बचाया जा सके।

## गरबा स्थल पर फूहड़ता फैलाई तो करेंगे विरोध, अश्लील संगीत से बचें, सुरक्षा का करें इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- नवरात्रि से पहले छत्तीसगढ़ विश्व हिन्दू परिषद ने किया आगाह

हर साल नवरात्रि के पावन अवसर को उत्सव की तरह मनाने के लिए गरबा नृत्य किया जाता है। माताजी की पूजा-अर्चना के बाद उन्हें प्रसन्न करने के लिए महिलाओं व पुरुषों की टोली इसमें हिस्सेदारी करती है। इसमें कुछ वर्षों से फूहड़ता फैलाने का प्रयास जारी है। आपत्ति करने पर हिन्दू संगठनों पर आरोप लगाए जाते हैं। इसे देखते हुए इस बार पहले से ही आगाह किया जा रहा है। इसके बाद भी आपत्ति की स्थिति निर्मित हुई, तो विरोध किया जाएगा।

राजधानी में हर उत्सव को खास बनाने का प्रयास किया जाता है। इसमें कुछ ऐसे लोग घुस जाते हैं, जो असुरक्षा की स्थिति निर्मित करते हैं। इसे देखते हुए गुरुवार को प्रेस क्लब में छत्तीसगढ़ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल रायपुर महानगर के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह ठाकुर और बंटी कटरे ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता ली। इसमें उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर गरबा नृत्य द्वारा माताजी की पूजा-अर्चना की जाती है। नृत्य में महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी शामिल होते हैं। पवित्र स्थान पर कुछ वर्षों से असामाजिक तत्व और गैर हिन्दू अलग-अलग गरबा स्थल में प्रवेश लेने के बाद धार्मिक वातावरण को बिगाड़ रहे हैं।

इसे रोकने की जिम्मेदारी आयोजकों की है, वे असामाजिक तत्वों को प्रवेश देने और बॉलीवुड के अश्लील गीतों को वर्जित करें। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि गरबा स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि सौहार्द्र बना रहे।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

### छत्तीसगढ़ी में एमए के बाद बेरोजगारों का सवाल राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति लागू तो पाठ्यक्रम गायब?

**रायपुर।** प्रदेश में छत्तीसगढ़ी भाषा की स्थिति बेहद चिंताजनक है। 2013 में छत्तीसगढ़ी को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ी में एमए का कोर्स शुरू करने के लिए मान्यता दी गई। पास होने के बाद प्रदेश में 16 सौ से ज्यादा युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने का ढोल बजा रही है। ऐसे में शासन-प्रशासन से सवाल है कि नई शिक्षा नीति लागू है, तो पाठ्यक्रम गायब क्यो हैं। युवाओं ने आग्रह किया है कि भाजपा का स्लोगन है कि हमने बनाया है हम ही संवारेंगे, तो छत्तीसगढ़ी का संवर्धन कब होगा। एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू, अजय पटेल और संजीव साहू ने गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में आठ बिन्दुओं पर सरकार के सामने वार्ता के माध्यम से मांग रखी।







# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 13 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

04 नोज रिंग के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके ...

**लाइव इवेंट**

## गायों को दुर्घटना से बचाने पहनाए रेडियम सेफ्टी बेल्ट



**रायपुर।** जेसीआई कैपिटल ने द्वारा गायों की रक्षा के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के पुराने और नए धमतरी रोड के आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 98 गायों को रेडियम सेफ्टी बेल्ट पहनाए गए ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं से उन्हें बचाया जा सके। 700 रोटियों का भी वितरण किया गया, जिससे गोवंश को उचित पोषण मिल सके। सिद्धार्थ मुकिम, पारस पटेल, नरेंद्र सिन्हा, चित्रांक चोपड़ा सहित अन्य सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। विशेष बात यह रही कि छोटे बच्चे भी इस अभियान का हिस्सा बने।

### शिक्षा व कॅरियर संबंधित जानकारी

वहीं जेसीआई वामा द्वारा वॉइस ऑफ यूथ सर्वे का भी आयोजन किया गया। सर्वे का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को शिक्षा व कॅरियर संबंधित विषय की जानकारी देना रहा। जिसमें युवाओं को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में उचित कॅरियर चयन के सुझाव दिए गए। इंटरव्यू संबंधित मुख्य प्रश्नों को ऑनलाइन एप्लिकेशन के माध्यम से बताया गया। शहर स्थित विभिन्न कॉलेज के 70-80 से अधिक विद्यार्थियों ने सर्वे का लाभ उठाया। आयोजन निर्देशन मोना दुबे द्वारा किया गया। संयोजक के रुप में डॉ. ऐश्वर्या सिंगल उपस्थित रही।

**कैंपस इवेंट**

## आईआईएम के लिए आवेदन करने आज अंतिम मौका



**रायपुर।** भारतीय प्रबंधन संस्थान कोलकाता 13 सितंबर को कॉमन एडमिशन टेस्ट अर्थात कैट के लिए पंजीकरण विंडो बंद कर देगा। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट iimcat.ac.in पर जाकर आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। कैट के प्रवेश पत्र 4 नवंबर को जारी होंगे। कैट 24 नवंबर को आयोजित होगी। परीक्षा तीन शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक और तीसरी शिफ्ट शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक होगी। सीएटी 2024 परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी।

### प्रश्नपत्र में होंगे तीन खंड

कैट 2024 प्रश्नपत्र में तीन खंड होंगे। मौखिक क्षमता व पढ़ने की समझ, डेटा व्याख्या व तार्किक तर्क और मात्रात्मक योग्यता आधारित सवाल पूछे जाएंगे। तीनों खंड मिलाकर 66 प्रश्न पूछे जाएंगे। अंकन योजना के अनुसार, उम्मीदवारों को प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक मिलेंगे। वहीं हर गलत प्रतिक्रिया पर एक अंक काटा जाएगा। गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। आईआईएम रायपुर सहित देशभर के राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थानों में इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी आईआईएम कोलकाता की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

**सिटी इवेंट**

## मात्र 2 वाद्य यंत्रों का प्रयोग कर घंटों तक भजन प्रस्तुति



**रायपुर।** तपस्वियों के सम्मान में जैन समाज ने गुरुवार को एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में भव्य कार्यक्रम रखा। समाज ने यहां दूध और केसर से तपस्वियों के पैर धोए। गीत-संगीत के साथ उनकी त्याग और तपस्या को नमन किया। रायपुर में यह अपनी तरह का पहला आयोजन था। इस अद्भुत नजारे को देखने वाले हर शख्स की आंखें सहर्ष ही छलक पड़ी। बता दें कि चातुर्मास के अंतर्गत दादाबाड़ी में इस बार 91 तपस्वी महान सिद्धि तप में शामिल हुए। 44 दिन की इस कठोर तपस्या में 18 साल के युवा से लेकर 80 साल के बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। इनके सम्मान में गुरुवार दोपहर 12.36 बजे से पद प्रक्षालन और बधावना का कार्यक्रम रखा गया

### मधुर भजनों में खोए श्रोता

तीन दिवसीय पारणा महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार सुबह 7 बजे सदर बाजार स्थित श्री ऋषभदेव मंदिर से विजय वरघोड़ा (शोभायात्रा) निकाला जाएगा। इसके पूर्व तपस्वियों के सम्मान में गुरुवार रात दादाबाड़ी में परमात्म भक्ति पर आधारित विशेष प्रभु भक्ति का आयोजन किया गया। इसमें मुंबई से आए जैनम वारिया और टीम ने ऐसी प्रस्तुति दी कि कार्यक्रम में मौजूद लगभग सभी लोग देर रात तक भक्ति में झूमते रहे। जैनम वारिया एंड टीम की एक खास बात यह भी है कि इनके द्वारा पूरी प्रस्तुति के दौरान सिर्फ 2 वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल किया जाता है।

### लाखे नगर, सुंदर नगर, गोलबाजार, कालीबाड़ी, मठपारा और गुढ़ियारी के पंडालों में सर्वाधिक भीड़

# नयनाभिराम सज्जा के बीच गजानन, मध्यरात्रि तक लंबी कतार, फिल्मी गीतों की जगह भजन-कीर्तन व सुंदरकांड

जैसे-जैसे गणेश उत्सव में एक-एक दिन बीत रहा है। वैसे-वैसे नयनाभिराम स्थल सज्जा के बीच विराजे गजानन की एक झलक पाने के लिए शाम ढलते ही भक्तों की भीड़ पंडालों की ओर बढ़ने लगी है। लोग दिनभर के काम-काज के बाद रात में परिवार के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्र में स्थापित प्रथम पूज्य गणेश के दर्शन पाने के लिए पहुंचने लगे हैं। इससे लाखे नगर, सुंदर नगर, गोलबाजार, कालीबाड़ी, मठपारा और गुढ़ियारी में भी आस्था का सैलाब देर रात तक सड़क पर उमड़ने लगा है।





**रायपुर।** शहर के मठपारा में गुरुवार रात दर्शनार्थियों की लंबी लाइन लगी थी। यहां मॉडल्स गणेश उत्सव समिति ने आकर्षक पंडाल के बाहर से लोगों को प्रवेश देने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की थी। महिलाओं व पुरुषों को प्रवेश देने के साथ ही बाहर निकलने के लिए भी इंतजाम किया। यहां सुग्रीव, जामवंत के साथ ही शक्ति बाण लगने से बेसुध लक्ष्मण को लिए श्रीराम की मनमोहक मूर्ति के साथ ही संजीवनी बूटी लेकर आते हुए हनुमान के दृश्य को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया है। दर्शन करने वाले लोग भी हर पल को मोबाइल में सहेजने से नहीं चूक रहे थे। इसके बाद पंडाल में भगवान गणेश को कुबेर के स्वरूप में देखने के बाद लोग सेल्फी के लिए आतुर नजर आए।

### सेल्फी का हर पंडाल में क्रेज

हर साल की तरह इस बार भी हर गणेश पंडाल में दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों में युवाओं का क्रेज सेल्फी लेने को लेकर देखने को मिला। इनमें महिलाओं और युवतियों की तादाद ज्यादा रही। यह नजारा शहर के लगभग हर पंडाल में देखने को मिला। लोगों की खुशी व भावनाओं का सम्मान करते हुए समिति के लोगों ने भी किसी को रोकने की बजाय कुछ पल का समय देते हुए नजर आए। इसके बाद ही दर्शनार्थियों को आगे बढ़ने का आग्रह किया। इसमें साथ लेकर पहुंचे परिवार के लोग भी सहभागिता निभाते हुए नजर आए।

### आस्था का माहौल देने प्रयास

बंजारी चौक में इस बार श्री नवयुवक बाल समाज गणेशोत्सव समिति ने भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा के साथ भगवान शिव, राधा-कृष्ण को नृत्य करते हुए मनमोहक मुद्रा में दिखाने के लिए स्थल सज्जा के रूप में मूर्तियों को संजोने का प्रयास किया गया है। यहां आने वाले दर्शनार्थियों को भजन-कीर्तन का सिलसिला भी देखने को मिला। गोलबाजार में इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा के पास भजन-कीर्तन के साथ ही सुंदर कांड का पाठ करते हुए संगीतमय माहौल निर्मित करने का प्रयास आयोजकों ने किया है। यहां लोगों की भीड़ तो कम नजर आई, लेकिन आस्था का माहौल देने का प्रयास किया गया है।

### वीरभद्र नगर में मूषक संग गणेश

दुर्गा चौक, वीरभद्र नगर में भी जगह-जगह आराध्य देव की आकर्षक प्रतिमा को स्थापित किया गया है। इनका दर्शन करने के लिए लोगों को ओपन स्पेस मिलने से भीड़ होने के बाद भी आवाजाही में किसी प्रकार से दिक्कत नहीं नजर आई। लोग परिवार के साथ गाड़ियों में आते-जाते दो पल के लिए ठहरते नजर आए। इस बीच श्री नवरत्न एकता संघ के पंडाल में प्रवेश करते ही एक पल के लिए लोगों को ऐसा एहसास हो रहा है जैसे वे किसी भव्य शादी समारोह के रिसेप्शन में जा रहे हो। सामने आकर्षक पंडाल में गणेश को मूषक और शंख की आकृति का शानदार मिश्रण करके अद्भुत स्वरूप में स्थापित किया गया है। यहां भक्तिमय गीतों के बीच दर्शन के लिए पहुंचने वाले ठहर रहे हैं।



# राज्य पात्रता परीक्षा : लाइब्रेरी एंड इंफर्मेशन साइंस के मॉडल उत्तर जारी, अन्य विषयों के लिए इंतजार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 21 जुलाई को सीजी सेट का आयोजन 8 जिला मुख्यालय में किया गया था। विभिन्न विषयों के लिए व्यापम ने सेट आयोजित किया था। इनमें से लाइब्रेरी एंड इंफर्मेशन साइंस के मॉडल आंसर जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति 19 सितंबर अपरान्ह 3.00 बजे तक दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को अपने व्यापम प्रोफाइल में लॉगिन कर दावा-आपत्ति टैब में जाकर दावा-आपत्ति दर्ज करानी होगी। डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत की गई दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।





### प्रति प्रश्न देने होंगे 50 रुपए

उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर पर अभ्यर्थी को दावा-आपत्ति दर्ज करने के लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए दावा-आपत्ति शुल्क का भुगतान करना होगा। बिना शुल्क मुगतान किए दावा-आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी। दर्ज की गई दावा-आपत्ति विषय विशेषज्ञों द्वारा मान्य होने पर लिया गया शुल्क संबंधित बैंक खाते में वापस कर दिया जाएगा। पोर्टल पर दावा-आपत्ति के लिए अभ्यर्थी को अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड डालकर प्रोफाइल में लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा-आपत्ति दर्ज करानी होगी। आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया व्यापम द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### डीएलएड के आरटी आरवी परिणाम जारी

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजूकेशन के प्रथम और द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना परिणाम जारी कर दिए गए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने इसके लिए आवेदन किया था, वे माशिम की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर अपने नतीजे देख सकते हैं।



पंच परिवर्तन विषय पर परिचर्चा

## पर्यावरण बचाने हर व्यक्ति स्वयं में लाए परिवर्तन

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब और पर्यावरण ऊर्जा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पंच परिवर्तन विषय पर प्रबोधन एवं परिचर्चा का आयोजन प्रेस क्लब सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर के धातुकर्म एवं पदार्थ अभियांत्रिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रणजीत प्रसाद रहे। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए डॉ. रणजीत प्रसाद ने कहा कि आज हर व्यक्ति को अपने स्वयं में परिवर्तन लाने का कार्य करना होगा। इसी के साथ परिवार और फिर समाज एवं देश में परिवर्तन संभव हो सकेगा।

उन्होंने कहा, समता एवं समभाव के आधार पर ही पर्यावरण एवं प्रकृति के साथ भी समभाव स्थापित किया जा सकता है। ललित सिंघानिया, प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, सीए धवल शाह, रणवीर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाजार में चांदी की मुंदरी, बिछिया, पैरी की मांग, पुरानी ज्वेलरी को दे रहे नया रंग

# लौटा पारंपरिक गहनों का ट्रेंड, आकर्षित कर रहे छत्तीसगढ़ी आभूषण, रिल्स से लेकर रियल लाइफ में फैशन का हिस्सा

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** बदलते समय के साथ लोग अब अपनी संस्कृति के अनुसार ज्वेलरी खरीद रहे हैं। सराफा बाजार में विभिन्न राज्यों के पारंपरिक आभूषण उपलब्ध हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गहनों का ट्रेंड युवाओं के बीच है। बाजार में चांदी सहित पीतल और कांसे में ज्वेलरी आसानी से लोगों को मिल रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में मुंदरी, बिछिया, पैरी, पैजन, करधन और पुतरी समेत ऐंठी व हसंली जैसे आभूषण शामिल होते हैं। फैशन के दौर में यह ट्रेंड एक फिर लौट आया है। शादी व खास अवसर में पहनने के लिए लोग छत्तीसगढ़ी आभूषण खरीद रहे हैं। शहर स्थित सुमित ज्वेलर्स के संचालक के मुताबिक, चांदी के गहने परंपरा अनुसार डिजाइन कराए गए हैं। छत्तीसगढ़ी परंपरा आधारित ज्वेलरी की मांग सालभर रहती है। 1 हजार से लेकर 10 हजार तक आभूषण उपलब्ध हैं। मांग के अनुसार सिक्कों का हार भी तैयार किया जा रहा है। बाजार में कुछ लोग पुराने ज्वेलरी के अनुसार ही चांदी और कांसे भी गहने डिजाइन करवा रहे हैं।





### छत्तीसगढ़ी संस्कृति आधारित कलाकृति

बाजार में लोग ज्वेलरी की कीमत से ज्यादा उसकी डिजाइन को प्राथमिकता दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ी आभूषण में डिजाइन वर्क अधिक होता है। लोग चांदी के सिक्के के हार में छत्तीसगढ़ी संस्कृति आधारित कलाकृति डिजाइन कराने पहुंच रहे हैं। बाजार में यह ट्रेंड सभी वर्ग को पसंद आ रहा है। सराफा व्यापारियों का कहना है कि इस बार शादी सीजन में कई लोगों ने छत्तीसगढ़ी आभूषण खरीदा है। लगातार इसकी मांग बढ़ती जा रही है।

### कमरबंद की बिक्री सर्वाधिक

वर्तमान में अधिकतर लोग रेडीमेड ज्वेलरी की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं, लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है, जो विशेष ऑर्डर से अपनी मनपसंद ज्वेलरी तैयार करवा रहा है। सराफा व्यापारी वैभव सोनी ने बताया, बीते कुछ सालों से लोग सोने में पारंपारिक छत्तीसगढ़ी आभूषण तैयार करवा रहे हैं। इसके अलावा चांदी के सिक्के से बना पारंपरिक कमरबंद बनाने का भी ऑर्डर अधिक मिल रहा है। डिजाइन वर्क अधिक होने से इसकी कीमत रेडीमेड ज्वेलरी से अधिक है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग कंपनियों के ब्रांडेड ज्वेलरी पर फोकस कर रहे है। नामी कंपनियों द्वारा तैयार किए गए डिजाइन आभूषणों की खरीदारी कर उसमें अपनी पसंद से चीजें जोड़ी-घटाई जा रही हैं।



## गणेशोत्सव 2024



छत्तीसगढ़ गणेशोत्सव समिति, कंकाली तालाब



संकल्प गणेशोत्सव समिति, डीडी नगर, सेक्टर-2



एकता गणेशोत्सव समिति अशोक नगर, गुढ़ियारी



श्री रिद्धी-सिद्धी परिवार गणेशोत्सव समिति, अमीनपारा, पुरानी बस्ती



सर्व धर्म गणेशोत्सव समिति श्यामनगर



जय छत्तीसगढ़ गणेश उत्सव समिति, नंदी चौक कचना



श्री मित्र गणेशोत्सव समिति साहूपारा, गुढ़ियारी



जय मां शीतला गणेश उत्सव समिति दलदल सिवनी



नव जागृति गणेश उत्सव समिति कदम चौक, मठपुरैना



श्रीराम गणेश उत्सव समिति बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर



श्री बाल गणेशोत्सव समिति सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती



युवा संगठन गणेशोत्सव समिति समता कॉलोनी



गणेशोत्सव समिति, आदर्शनगर कुशालपुर

### कम खर्च में नाइट कैंपेनिंग के लिए रिसोर्ट में युवाओं को टेंट लगाने मिल रही जगह

# सोलो ट्रैव्हलिंग का बढ़ा ट्रेंड... नाइट कैंपेनिंग करने टूरिज्म रिसोर्ट में 500 रुपए में सुरक्षित जगह, दे रहे बेसिक सुविधाएं

खुद के साथ समय बिताना भी एक ध्यान के सामान है। बदलते समय के साथ लोग काम की व्यस्तता के बीच नेचर के साथ खुद को समय देने सोलो ट्रैव्हलिंग को अधिक महत्व देने लगे हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पर्यटन को एक्सप्लोर करने के लिए भी सोलो ट्रैव्हलिंग का चलन लगातार बढ़ते जा रहा है, जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड अपने रिसोर्ट में कैंपेनिंग करने वाले युवाओं को मात्र 500 से 800 रुपए तक जगह के साथ टेंट भी उपलब्ध करवा रहा है, जिसका बड़ी संख्या में युवा सोलो ट्रैव्हलिंग के रूप में आनंद उठा रहे हैं।





**रायपुर।** नई जगह पर अकेले घूमने वालों को ऐसी जगह की तलाश होती है, जो रात गुजारने के लिए सुरक्षित हो। इसको ध्यान रखते हुए अब प्रदेश के दर्जन रिसोर्ट में कैंपेनिंग पॉइंट बनाए गए हैं। यहां रात में लाइट के साथ बाथरूम की भी सुविधा है। सोलो ट्रैव्हलिंग और कैंपेनिंग के लिए चित्रकूट, मैनपाट, कुरदर, जशपुर समेत चिल्फी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। विभाग के मुताबिक, एक्सप्लोर करने वाले ज्यादातर युवा कैंपेनिंग पांइट ही किराए में लेते हैं। ठंड और गर्मी में मांग अधिक रहती है। कैंपेनिंग के लिए आवश्यक सुविधा दी गई हैं।

### कम खर्च के साथ अच्छी यात्रा

छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग ने ज्यादातर रिसोर्ट प्राकृतिक स्थलों के बीच बनाया गया है। इस वजह से बड़ी संख्या में लोग रिसोर्ट घूमने के लिए भी पहुंचते हैं। चिल्फी, मैनपाट व कुरदर समेत जशपुर के रिसोर्ट लग्जरी है, जिसका एक दिन का किराया 2500 से 5000 तक है। अधिक किराया होने से कई लोग इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं। उनके लिए कैंपेनिंग पांइट की सुविधा बनाई गई है। युवाओं को 500 में रहने के लिए जगह और खाने के लिए कैंटीन की सुविधा मिल जाती है। इस सुविधा का लाभ सोलो ट्रैव्हलर ज्यादा उठा रहे हैं। इस तरह कम खर्च में युवा ट्रैव्हलिंग कर रहे हैं।



### टेंट लेकर पहुंच रहा युवाओं का समूह

पर्यटन विभाग कैंपेनिंग के लिए जगह के साथ टेंट भी उपलब्ध कराता है। प्राइवेट रिसोर्ट में कैंपनिंग करने का किराया 1000 से 1500 रुपए तक है, लेकिन पर्यटन विभाग 500 रुपए में टेंट दे रहा है। सस्ते दाम में जगह मिलने से अब कई ट्रैव्हलिंग एजेंसी यहां टेंट लगाकर लोगों को कैंपेनिंग करवा रही है। एक्सप्लोर करने वाले युवा जो अपने साथ टेंट लेकर चलते हैं, उन्हें कम किराए में अच्छी सुविधा मिल रही है। ठंड के समय में बोनफायर के साथ ट्रैव्हलिंग का लुफ्त उठा रहे हैं।

### हर महीने दर्जन से अधिक सोलो ट्रैव्हलर

विभाग के मुताबिक, बीते कुछ समय में सोलो ट्रैवलर करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदेश के रिसॉर्ट में हर महीने दर्जन से अधिक लोग अकेले यात्रा करने पहुंचते हैं। दो दिन से लेकर सप्ताह भर तक नेचर के बीच खुद को समय दे रहे हैं। आत्मनिर्भरता और आत्म खोज के साथ-साथ नए लोगों से मिलना और आराम करने के लिए भी सोलो ट्रैव्हलर का चलन बढ़ता जा रहा है। पांच साल पहले सोलो ट्रैव्हलर की संख्या कम थी, लेकिन अब बढ़ती जा रही है।

## राधा की सखी बनकर पहुंचे भक्त, प्रतिमाओं को कराया नौका विहार, जगदलपुर से आया कीर्तन दल

### सुंदर नगर इस्कॉन प्रचार केंद्र में निभाई गई परंपरा

*रायपुर। राधा-कृष्ण प्राण मोरा.., जय राधा माधव, जय कुंज बिहारी...जैसे भजनों की गूंज मंदिर परिसर में सुनने को मिली। जहां भक्त राधे-राधे के जयकारों के साथ उत्साह में लीन नजर आए। यह अवसर राधाष्टमी का था, जहां भक्त राधा रानी की उपासना करते नजर आए। सुंदर नगर स्थित इस्कॉन प्रचार केंद्र में गुरुवार को भव्य रुप से राधाष्टमी का आयोजन किया गया। जहां नौका विहार, झूलन महोत्सव व अभिषेक मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। तमाल कृष्ण दास ने बताया, राधा अष्टमी के मौके पर कीर्तन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जगदलपुर और राजधानी के कीर्तन समूह द्वारा भजन गायन किया गया। इसमें माधव चरण दास और जय गौर हरी के नेतृत्व में भजनों की प्रस्तुति दी गई। लगातार तीन घंटे तक चलने वाले कीर्तन में भक्तों की बड़ी संख्या देखने को मिली।*



### वृंदावन की तर्ज पर झूला श्रृंगार

एक दिवसीय आयोजन में झूलन महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां राधा रानी के लिए वृंदावन की तर्ज पर झूले को हरी पत्तियों से सजाया गया। जिसमें विभिन्न फूलों से श्रृंगार किया गया। दोपहर 1 बजे आयोजित झूलन उत्सव में राधा रानी व श्री कृष्ण के विग्रह प्रतिमा को विराजित किया गया। महोत्सव में श्री राधा रानी को 151 प्रकार के विभिन्न व्यंजनों का भोज अर्पित किया गया।

### 11 औषधि, 7 फलों के रस व 108 तीर्थ स्थानों के कुंड जल से अभिषेक

मंदिर के सदस्य चांद कुमार साहू ने बताया, सुबह से देर रात तक मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। जहां भक्त राधा अष्टमी मनाने के लिए श्री राधा की सखी के रुप में शामिल हुए। आयोजन के दौरान 11 प्रकार की औषधि, 7 फलों के रस व 108 तीर्थ स्थानों के कुंड जल से अभिषेक किया गया। राधा अष्टमी के अवसर पर राधा रानी व श्री कृष्ण के विग्रह प्रतिमा का स्थापना दिवस भी मनाया गया। बीते तीन वर्ष से विग्रह स्थापना दिवस के रुप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाता है।

### आठ सखियों संग नौका विहार

4 बजे नौका विहार के दौरान राधा-कृष्ण की प्रतिमा को नौका में विराजमान किया गया। मान्यता के अनुसार राधाष्टमी को राधा रानी को नौका विहार कराया जाता है। जिसमें वह अपने अष्टसखियां ललिता, विशाखा, चित्रलेखा, इंदुलेखा, चंपकलता, रंगदेवी, सुदेवी और तुंगविद्या के साथ नौका विहार करती हैं।

## सीबीएसई स्केटिंग प्रतियोगिता आज से, मेजबानी करेगा रायपुर

**रायपुर।** सीबीएसई द्वारा देशभर के स्कूलों में खेल स्पर्धाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। देशभर के सीबीएसई स्कूल कई जोन में विभाजित हैं। गौरतलब है कि रायपुर सहित संपूर्ण छग भुवनेश्वर जोन में आता है। इस जोन के अंतर्गत होने वाली स्केटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी रायपुर को दी गई है। सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जा रहा है। 13 से आयोजित प्रतियोगिता का समापन 16 सितंबर को होगा। इसमें सीबीएसई स्कूल के भुवनेश्वर जोन के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। मुख्य अतिथि के रुप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, खेल मंत्री टंक राम वर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, औद्योगिक मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक राजेश मूणत, सुनिल सोनी, चन्द्रशेखर साहू को आमंत्रित किया गया है। स्पर्धा में सुबह 5 से 11 बजे तक रोड रेस होगा। रिंग रेस शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक होगा। कई प्रतिभागी खिलाड़ी गुरुवार को ही पहुंच चुके हैं, तो कई आज आएंगे।

### स्कूलों को सावधानी से डेटा भरने निर्देश

खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही सीबीएसई ने परीक्षाओं की तैयारी भी प्रारंभ कर दी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों को कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) समय पर और सही तरीके से जमा करने की याद दिलाई है। बोर्ड ने दोहराया कि एक बार जमा किए गए डेटा में सुधार के लिए कोई विंडो प्रदान नहीं की जाएगी। नोटिस के माध्यम से केंद्रीय बोर्ड ने सभी स्कूलों को 2024-25 सत्र के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए एलओसी समय पर जमा करने, सभी उम्मीदवारों के विषय संयोजन और विवरण के संबंध में डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने, एलओसी डेटा जमा करने से पहले ऑनलाइन संबद्ध स्कूल सूचना प्रणाली और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सही श्रेणी भरने के लिए याद दिलाया।

### हिंदी, छत्तीसगढ़ी व दक्षिण के गीतों पर प्रस्तुतियों से बना सामाजिक समरसता का माहौल

# दिव्यांग छात्रा ने पेश किया 'घुमरो' तो झूम उठे दर्शक, 'मराठी मुलगी' ने लूटी महफिल, पुराने गानों ने ताजा की सदाबहार गायकों की यादें

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** दिव्यांग बालिका विकास गृह की बच्चियों ने जब हिंदी, मराठी और छत्तीसगढ़ी के साथ दक्षिण के गीतों की प्रस्तुति दी तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था महाराष्ट्र मंडल में चल रहे शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव का। इसके पांचवें दिन संत ज्ञानेश्वर स्कूल, सखी निवास (कामकाजी महिला वसती गृह) और मंडल के प्रकल्पों की टीमों ने एकल और समूह नृत्य के साथ गाने और श्लोक की शानदार प्रस्तुति दी।



### विविध कलाओं का संगम

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न भाषाओं के गानों में गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। इससे क्षेत्रीय कलाएं एक साथ मंच पर सिमट आईं। प्रतिभागियों ने ना केवल क्षेत्रीय भाषाओं में प्रस्तुतियां दी, बल्कि उनके परिधान और आभूषणों में भी क्षेत्रीयता की झलक दिखाई दी। इससे कई तरह की कला और संस्कृति को जानने का मौका मिला।





### बानो ने पेश किया ' वो किसना है...'

संत ज्ञानेश्वर स्कूल के अभिग्या अभिनव शुक्ला ने मैया यशोदा... और अमन बानो ने वो किसना है... गीत पर डांस प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। पलक वर्मा, कनक बिसेन, जया लक्ष्मी सोनवानी और श्रद्धा इस्सार द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत 'मराठी मुलगी' को सभी ने खूब पसंद किया। दिव्यांश गोवर्धन ने देवा श्री गणेशा... पर प्रस्तुति दी। वहीं रचना साहू, इशिका वाधवानी, आर्शी गोस्वामी, उमा निर्मलकर, हिमांगी लोढ़ा, समृद्धि सिन्हा और रिया साहू ने साउथ इंडियन रिमिक्स गीत पर कमाल की प्रस्तुति दी।

### ये रातें... ये मौसम... ये नदी का किनारा...

दिव्यांग बालिका विकास गृह की कमलेश्वरी साहू ने अपनी सुमधुर आवाज में 'ये रातें... ये मौसम, नदी का किनारा' गाना सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं सीमा सारथी ने 'जीना जीना जीना रे उड़ा गुलाल' की जोशीली प्रस्तुति दी। महालक्ष्मी साहू ने छत्तीसगढ़ी डांस प्रस्तुत किया। मंडल द्वारा संचालित सखी निवास यानी कामकाजी महिला वसती गृह की पूजा, काजल, हेमा, यामिनी और मोनिका ने एकदंताय, वक्रतुंडाय... की प्रस्तुति दी। वहीं डाली साहू ने पिया रे.. पिया रे में एकल प्रस्तुति दी। तुझसे नाराज नहीं जिंदगी... गाना गा रही चेतना गोस्वामी ने लता मंगेशकर की याद ताजा कर दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से रायपुर में



**रायपुर।** रायपुर जिला वॉलीबॉल संघ की ओर से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 सितम्बर तक सप्रे स्कूल रायपुर के वॉलीबॉल मैदान पर किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों से 12 पुरूष तथा 10 महिला टीमें तथा गेस्ट टीम के रूप में कोलकाता की टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट पद्धति से वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के तहत खेली जाएगी व दिन और रात दोनों ही पालियों में खेली जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 सितंबर को शाम 06 बजे किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने फार्च्युन टी.एम.टी, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी, रॉयल ट्रैवल्स, मेट्रो ट्रैवल्स, हीरा ग्रुप एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंण्डिया का विशेष सहयोग है। प्रतियोगिता में बॉल एवं नेट तथा अन्य खेल साम्रागी रूपाट्न कम्पनी पी. रामचन्द्र एण्ड कम्पनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम 21000/, द्वितीय 11000/ तथा तृतीय 5100/ रुपए का इनाम व विजेता टीमों को ट्राफी स्व. जय सिंह की स्मृति में दिया जा रहा है वही प्रतियोगिता में बेस्ट एटकर, बेस्ट सेटर, बेस्ट लिब्रो, बेस्ट ब्लाकर तथा बेस्ट प्लेयर आफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार सौभाग्य फाण्डेशन रायपुर के द्वारा प्रदान किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता की जानकारी मो. अकरम खान, सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एशोसिएशन तथा सचिव रायपुर जिला वॉलीबॉल संघ के द्वारा दी गई।

### महाराष्ट्र के विरुद्ध छत्तीसगढ़ के दीपक ने जड़ा शानदार शतक



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा सीनियर मेंस इंटर स्टेट मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 28 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का फायनल दो दिवसीय मैच (12 सिंतबर और 13 सितंबर) को पुदुच्चेरी में महाराष्ट्र के विरुद्ध जारी है। पहले दिन बुधवार को छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 3311 रन बनाये। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से दीपक यादव ने 100 रन तथा अभिजित ताह ने 58 रनों का योगदान दिया। साथ ही सन्नी पांछे ने 54 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिंया। महाराष्ट्र की ओर से विक्की ओस्तवाल ने 5 विकेट तथा प्रशांत सोलंकी ने 4 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पारी में 311 रन बनाये।

### बैडमिटंन में प्रगति कॉलेज दोनो वर्गो में रहा चैम्पियन



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रगति महाविद्यालय की ओर से अंर्तमहाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे स्कूल स्थित बैंडमिन्टन हॉल में किया जा रहा है। दूसरे दिन पुरूष और महिला दोनों ही वर्गो में प्रगति कॉलेज के खिलाड़ी अपने दमदार खेल की बदौलत चैम्पियन बने। बुधवार को पुरूष वर्ग में पहला क्वाटर फाइनल मैच प्रगति कॉलेज और शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें प्रगति कॉलेज ने 3-0 के सीधे सेटों में मैच जीता। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में विवेकानंद कॉलेज को शंकराचार्य कॉलेज ने 3-2 से हराया। पुरूष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मैच में यूटीडी रायपुर ने शंकराचार्य कॉलेज को 3-1 से हराया। पुरूष वर्ग के सेमीफाइनल मैच में प्रगति कॉलेज ने नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरूष वर्ग के फाइनल मैच में प्रगति कॉलेज के रूद्रमणी यादव ने यूटीडी के हिमांशु को 2-0 तथा दूसरे सिंगल मैच में प्रगति कॉलेज के लुकेश यादव ने यूटीडी के मानधाता को 2-0 से हराया। डबल्स मुकाबले में प्रगति कॉलेज के अमन पटेल और देवाशीष की जोडी ने यूटीडी रायपुर के हिमांशु और मानधाता की जोडी को 2-0 से हराया और इस प्रकार प्रगति कॉलेज ने फाइनल मैच में 3-0 से विजय प्राप्त कर सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन बैंडमिन्टन प्रतियोगिता का पुरूष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में प्रगति कॉलेज ने विप्र कॉलेज को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के फाइनल मैच में प्रगति कॉलेज ने 2-0 से शासकीय दू.ब.महिला महाविद्यालय को हराकर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

### चावल हमारा प्रमुख भोजन, इसे लेकर लोगों में हैं कई भ्रांतियां

# चावल खाने से वजन बढ़ने का क्या है संबंध जान लीजिए इसका सच और सेहत पर असर

चावल भारतीय भोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे देश के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न प्रकार से खाया जाता है। लेकिन चावल के सेवन को लेकर लोगों का मानना है कि चावल के सेवन से वजन बढ़ता है। मोटापा कम करने या वजन नियंत्रित रखने के लिए अक्सर लोग चावल खाना छोड़ देते हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सच में चावल के सेवन से मोटापा बढ़ता है? इसके अलावा चावल का हमारे स्वास्थ्य पर क्या असर हो सकता है? क्या इसका सेवन फायदेमंद होता है या नुकसानदायक होता है। अगर आप भी वजन कम करने के लिए चावल नहीं खाते हैं या कम खाते हैं तो इस लेख में चावल के सेवन से जुड़ी सही जानकारी दी गई है। चावल में मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो ऊर्जा का प्रमुख स्रोत हैं। सफेद चावल (रिफाइंड चावल) में कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा अधिक होती है और फाइबर की मात्रा कम। इसलिए, सफेद चावल का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ सकता है, खासकर यदि आप एक निष्क्रिय जीवनशैली जीते हैं या कैलोरी की खपत अधिक है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि चावल स्वयं वजन बढ़ाने का कारण नहीं होता, बल्कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसे किस मात्रा में और किस तरीके से खा रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, सीमित मात्रा में चावल के सेवन से वजन नहीं बढ़ता है। इससे शरीर में फैट की मात्रा नहीं बढ़ती है।



## चावल के सेवन का सही तरीका

सफेद चावल की तुलना में ब्राउन राइस में अधिक फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते है। ये धीरे धीरे पचता है जिससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती और वजन नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।

## चावल की मात्रा

सीमित मात्रा में चावल का सेवन करना चाहिए। एक सामान्य वयस्क के लिए एक बार में 1 से डेढ कटोरी चावल पर्याप्त होता है।


## चावल के साथ आहार

चावल को दाल, सब्जियों, सलाद या दही के साथ खाना चाहिए। ये मिश्रण आपके भोजन को संतुलित बनाता है।

हालांकि फ्राइड चावल या अधिक तेल वाले चावल के सेवन से बचें। इससे कैलोरी की मात्रा बढ़ जाती है।

## चावल के सेवन का सही समय

चावल खाने का सबसे अच्छा समय दोपहर का भोजन माना जाता है। इस समय शरीर की पाचन शक्ति अधिक होती है और दिनभर में चावल से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग कर सकते हैं। अगर आप रात में चावल खाते हैं तो इसे हल्के रूप में खाएं और मात्रा सीमित रखें। रात में शरीर की मेटाबॉलिज्म दर कम होने से चावल पचने में अधिक समय लग सकता है।



# सोने से पहले कमरे की रोशनी को कम रखें, ताकि आपकी नींद में कोई बाधा न हो

ज्यादा लाइट की व्यवस्था नींद में बाधा डाल सकती है, क्योंकि यह आपके शरीर के प्राकृतिक नींद-जागने के चक्र को बाधित करती है। जब आप सोते हैं, तो आपका शरीर मेलाटोनिन नामक हार्मोन का उत्पादन करता है, जो आपको शांत और नींद में मदद करता है। प्रकाश मेलाटोनिन के उत्पादन को कम कर सकता है, जिससे सोना और सोते रहना मुश्किल हो जाता है। कार्बन फिल्टर वाली लाइट्स आपके कमरे की रोशनी को स्मूथ कर सकती हैं, जो नींद के लिए उपयुक्त होती है। धीमी और गर्म रोशनी का उपयोग करने से आपके मस्तिष्क को शांति मिलती है और सोने में मदद मिलती है।

इसके लिए चाहें, तो बेडरूम की सभी लाइटें बंद कर दें, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी भी शामिल है। अगर आपको थोड़ी रोशनी की जरूरत है, तो नाइट लाइट या रेड लाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। अपने बेड रूम की खिड़कियों पर ब्लैक आउट पर्दे या अंधेरे रंग के पर्दे लगाएं। सोने से पहले कुछ घंटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करने से बचें।

## अच्छी नींद के लिए इयरप्लग का इस्तेमाल करें

अगर आप शोर से आसानी से परेशान हो जाते हैं, तो बेहतर नींद के लिए सिलिकॉन इयरप्लग का इस्तेमाल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। शोर नींद में बाधा डाल सकता है और आपके नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है। इयर प्लग बाहरी शोर को कम कर सकते हैं, जिससे आपको सोना और सोते रहना आसान हो जाता है। ये आपको हवाई यात्रा के दौरान या होटल के कमरे में सोने में मदद कर सकते हैं, जहां शोर का स्तर अधिक हो सकता है।

## रात के समय भारी भोजन करने से बचें

रात के समय भारी भोजन करने से बचना महत्वपूर्ण है, खासकर यात्रा के दौरान। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारी भोजन पचाने में अधिक समय लेता है और पेट में परेशानी पैदा कर सकता है, जिससे सोना मुश्किल हो जाता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टेलर स्विफ्ट ने जीते सात पुरस्कार, इस मामले में कर डाली बेयोंसे की बराबरी

पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में धूम मचा दी है। उन्होंने इस बार कुल सात खिताब अपने नाम किए और इस तरह अब



उनकी झोली में कुल 30 पुरस्कार आ गए है। टेलर के गाने फोर्टनाइट को साल के सर्वश्रेष्ठ वीडियो का खिताब मिला है। इसे पोस्ट मेलोन ने भी गाया था। टेलर स्विफ्ट ने वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में कुल 30 पुरस्कार अपने नाम करने के साथ-साथ एक खास रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। मशहूर गायिका बेयोंसे भी इतने ही अवॉर्ड्स जीत चुकी हैं। एक खास बात ये भी है कि अब दोनों ही वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स के इतिहास में सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाले संगीतकार हैं। टेलर स्विफ्ट को एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में अपने गाने फोर्टनाइट के लिए सॉन्ग ऑफ द समर का भी खिताब मिला है। इसके अलावा फोर्टनाइट के लिए आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सर्वश्रेष्ठ पॉप, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, सर्वश्रेष्ठ संपादन और बेस्ट कॉलैब का भी पुरस्कार जीता है। इस खास मौके पर टेलर स्विफ्ट ने अपने भाषण की शुरुआत 9/11 हमले के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को याद करते हुए की। इसके बाद उन्होंने पोस्ट मेलोन की तारीफ करते हुए कहा कि वो संगीत जगत में साथ में काम करने के लिए सभी कलाकारों के पसंदीदा शख्स हैं। एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में टेलर के अलावा चैपल रोआन ने सर्वश्रेष्ठ नए कलाकार का पुरस्कार जीता। मेगन दी के गाने ममुशी को बेस्ट ट्रेंडिंग वीडियो, बिली एलिश ने वीडियो फॉर गुड, लिसा ने सर्वश्रेष्ठ के पॉप, लेनी क्राविट्ज ने सर्वश्रेष्ठ रॉक और एमिनेम ने सर्वश्रेष्ठ हिप-पॉप का खिताब जीता।

### टॉलीवुड

## हादसे का शिकार हुए अभिनेता जीवा कार से पत्नी के साथ कर रहे थे यात्रा

तमिल अभिनेता जीवा अपनी पत्नी के साथ तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में कार हादसे का शिकार हो गए। हादसा इतना तेज था कि उनकी लग्जरी कार का आगे का



हिस्सा बुरी तरह से चकनाचूर हो गया। दक्षिण भारतीय अभिनेता जीवा बुधवार को एक कार हादसे का शिकार हो गए। यह हादसा तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में उस वक्त हुआ, जब जीवा अपनी पत्नी सुप्रिया के साथ कार से जा रहे थे। रिपोट्र्स के मुताबिक, उनकी लग्जरी कार की बैरिकेड से टक्कर हुई, जिससे कार का बंपर बुरी तरह से टूट गया और दोनों पति-पत्नी को हल्की चोट भी लगी। इस हादसे के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और वे अपने-अपने फोन में घटना को रिकॉर्ड करने लगे। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभालते हुए कार को पुलिस थाने में भेजा और मामले की पड़ताल शुरू की। इस घटना के बाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है, जिसमें जीवा लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गुस्सा से प्रतिक्रिया देते दिख रहे हैं। बता दें कि हादसे के कुछ देर बाद जीवा अपनी पत्नी के साथ दूसरी कार से रवाना हो गए थे। जीवा मुख्य तौर पर तमिल फिल्म इंडस्ट्री में काम करते हैं। उन्होंने कबीर खान द्वारा निर्देशित फिल्म 83 में भी काम किया है, जिसमें उन्होंने पूर्व क्रिकेटर कृष्णमाचारी श्रीकांत का रोल अदा किया था। जीवा ने शिव मनसुला शक्ति, नानबन, कतरधु तमीज, नीथाने एन पोनवसंथम, कलाकलाप्पु 2, मुगामुडी और एंड्रेंड्रम पुन्नागई समेत कई फिल्मों में काम किया है। उन्होंने साल 2003 में 'आसाई आसैयाई' फिल्म से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

### भोजपुरी

## 'हाथी मेरे साथी' में यश कुमार दिखाएंगे दमदार जलवा

स्ट्री के जाने-माने सुपरस्टार यश कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'हाथी मेरे साथी' के दमदार ट्रेलर के साथ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, और दर्शकों से



इसे शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के ट्रेलर में यश कुमार को एक्शन और इमोशन के बेहतरीन संयोजन के साथ पेश किया गया है, जिसमें उनका अंदाज काफी हद तक बॉलीवुड स्टार विद्युत जामवाल की हाथी को लेकर बनाई फिल्म की याद दिलाता है। फिल्म 'हाथी मेरे साथी' एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जिसमें इंसान और जानवरों के बीच के संबंधों को खूबसूरती से दिखाया गया है। फिल्म में यश कुमार का किरदार अपने साथी हाथी के प्रति सच्ची दोस्ती और समर्पण का प्रतीक है। ट्रेलर में दिखाई गई यश कुमार और हाथी की केमिस्ट्री ने पहले ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली है। यह कहानी एक भावनात्मक सफर पर ले जाती है, जहां इंसान और जानवर के बीच का अनमोल बंधन दर्शाया गया है। फिल्म में रक्षा गुप्ता ने अहम किरदार निभाया है। इस फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि इसमें न सिर्फ इंसानों के रिश्ते दिखाए गए हैं, बल्कि जानवरों के प्रति हमारा फर्ज और प्रेम भी दर्शाया गया है। हाथी भी इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहा है।

## क्लासिक फैशन का सफर

लाइफ स्टाइल




दुनिया के सबसे प्रभावशाली स्ट्रीटवियर और कलात्मक फैशन ब्रांड, स्प्रेग्राउंड ने अपने न्यूयॉर्क फैशन वीक रनवे शो के दौरान अपने ₹टाइम ट्रैवल कलेक्शन₹ को लॉन्च किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को अतीत, वर्तमान और भविष्य के माध्यम से एक रोमांचक फैशन यात्रा का नजारा देखने मिला। शोकेस के दौरान स्प्रेग्राउंड ने अपने आगामी संग्रह प्रदर्शित किए, जिसमें कल्ट क्लासिक्स और अवतार, द गॉडफादर, स्कारफेस और सेलर मून जैसे प्रसिद्ध ब्लॉकबस्टर सहित उल्लेखनीय सहयोग शामिल थे।

## चेहरे को क्लींज करने के लिए इस तरह इस्तेमाल करें बेसन

फेशियल हेयर को रिमूव करने के लिए बेसन का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, त्वचा को ग्लोइंग बनाने के लिए भी बेसन फायदेमंद है। बेसन का इस्तेमाल खाने के अलावा त्वचा पर भी किया जाता है। बेसन के उपयोग से मुंहासे से लेकर पोर्स टाइट होते हैं। इसलिए आपको अपने स्किन केयर रूटीन में बेसन को शामिल करना चाहिए। चेहरे को क्लीन करना बेहद जरूरी होता है। वरना, त्वचा पर मुंहासे, डल स्किन और ब्लैकहेड्स होने लगते हैं। चेहरे को साफ करने के लिए क्लींजर का उपयोग किया जाता है। बाजार से फेस क्लींजर खरीदने के बजाय आप बेसन से चेहरा साफ कर सकती हैं। चलिए जानते हैं चेहरे पर बेसन लगाने के फायदे से लेकर क्लींजर बनाने का तरीका।

### मुंहासे के लिए बेसन से कैसे बनाएं क्लींजर

अगर आपके चेहरे पर मुंहासे हो रहे हैं, तो आपको ऐसे क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसमें एंटी-बैक्टिरियल गुण पाए जाते हो। इसके लिए बेसन, चंदन पाउडर,



हल्दी और गुलाब जल मिक्स कर लें। अगर आपके पास गुलाब जल नहीं है,तो सादे पानी का उपयोग करें। इसे चेहरे पर लगाएं और कुछ देर रगड़ लें। जब यह सूख जाए, तब अपना चेहरा धो लें।

### बेसन फेस क्लींजर बनाने का तरीका

कटोरे में एक चम्मच बेसन, एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच टमाटर का रस डालें। अब चमच की मदद से सभी चीजों को मिला लें। यह गाढ़े पेस्ट में बदल जाएगा। लीजिए बन गया बेसन से क्लींजर।

### कैसे करें क्लींजर का इस्तेमाल?

उंगलियों पर थोड़ा सा पेस्ट लें। अब इसे चेहरे पर लगा लें। पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाएं, माथे पर लगाना न भूलें। कुछ देर रब करें। अब पेस्ट को सूखने के लिए छोड़ दें। कुछ देर बाद फेस वॉश कर लें।

### त्वचा पर बेसन लगाने के फायदे

गर्मी के मौसम में टैनिंग की समस्या अधिक होती है। धूप के कारण चेहरे के साथ साथ हाथ पैर भी काले पड़ जाते हैं। ऐसे में टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप बेसन का इस्तेमाल कर सकती हैं। बेसन में दही और हल्दी मिलाकर लगाने से फायदा होगा।
त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए स्क्रब का इस्तेमाल किया जाता है। बाजार में अलग अलग स्क्रब मिलते हैं। बेसन का इस्तेमाल भी स्क्रब के रूप में किया जा सकता है। बेसन के उपयोग से डेड स्किन रिमूव होती है। साथ ही, यह चेहरे पर मौजूद ऑयल और गंदगी को साफ करता है।

## साड़ी को लहंगे की तरह स्टाइल करने के ये टिप्स आएंगी काम




किसी भी लुक को आकर्षक बनाने के लिए उसमें स्टेटमेंट देना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप सेलेब्रिटी स्टाइलिस्ट और एक्सपर्ट डॉली जैन के बताए गये इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

लगभग हर तरह के फंक्शन में ट्रेडिशनल वियर पहनना पसंद किया जाता है। हालांकि इसमें आपको कई डिजाइन व पैटर्न आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन आजकल साड़ी को कई तरीके से ड्रेप किया जाना काफी चलन में नजर आ रहा है। ज्यादातर लहंगा साड़ी लुक को एक बार फिर कई तरह से रीक्रिएट किया जा रहा है। ऐसे में सेलेब्रिटी स्टाइलिश डॉली



जैन ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें उन्होंने काफी स्टाइलिश अंदाज में लहंगा स्कर्ट के उपर साड़ी को ड्रेप किया है और एक परफेक्ट लहंगा साड़ी लुक क्रिएट किया है। तो आइये जानते हैं क्या वो आसान स्टेप्स और जानेंगे साड़ी को स्टाइल करने का आसान तरीका।

### लहंगा साड़ी को पहनने का आसान तरीका

सबसे पहले आप प्लेन लहंगा स्कर्ट के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहन लें। अब आप साड़ी के कोने से अपनी लंबाई के हिसाब से माप लें। मापने के बाद आप साड़ी की प्लीट्स बना लें। करीब 4 से 5 साड़ी की प्लीट्स बनकर अपनी लंबाई के हिसाब से साड़ी को मापकर लहंगा स्कर्ट के अंदर डाल दें।प्लीट्स बनाने के बाद आप साड़ी के एक छोटे हिस्से को लेकर पेट के बीचो-बीच लाकर लहंगा स्कर्ट के अंदर डालें। ऐसा करने से प्लीट्स काफी खूबसूरती के साथ फ्लॉन्ट होकर नजर आएंगी। इसके बाद आप साड़ी को घुमाकर पल्ले को अपनी लम्बाई के हिसाब से सेट कर लें। बता दें कि साड़ी के प्लीट्स और पल्ले को सेट करने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं। साड़ी को अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से फिनिशिंग टच देने के बाद लीजिये आपका लहंगा साड़ी लुक बिल्कुल तैयार है। अब इसे आप अपने किसी भी फंक्शन के लिए आसानी से पहन सकती हैं।

### लहंगा साड़ी को स्टाइल कैसे करें?

लहंगा साड़ी के साथ आप हैवी झुमके को पहन सकती हैं या चाहे तो टेम्पल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। बालों के लिए आप मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

## रात को सोने से पहले इस तरह करें अपने बालों की देखभाल

रात में टाइट हेयरस्टाइल बनाकर सोने से बाल खराब हो जाते हैं। इसके कारण हेयर फॉल की समस्या हो सकती है। बाल, चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने का काम करते हैं। इसलिए इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। ज्यादातर लोग यह गलती करते हैं कि डे केयर फॉलो करते हैं। रात में भी बालों की देखभाल करनी चाहिए। वरना, हेयरफॉल की समस्या होने लगती है।



### गीले बालों में क्यों नहीं सोना चाहिए?

रात को गीले बालों में सोना नहीं चाहिए। ऐसा करने से बाल आसानी से टूटने लगते हैं। तकिया पानी और तेल सोख लेता है, जिससे बाल ड्राई हो जाते हैं। इसके कारण फंगल इंफेक्शन भी हो सकता है। इससे डैंड्रफ की भी समस्या हो सकती है। इसलिए रात को हेयर वॉश करने से बचें। इसलिए सोने से पहले बालों को अच्छे से ब्लो ड्राई कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि हीट-प्रोटेक्टेंट का इस्तेमाल जरूर करें।

### रात को सोने से पहले बालों में कंघी क्यों करनी चाहिए?

रात को बालों को सुलझाकर सोएं। ऐसा करने से बाल कम टूटते हैं। बालों को कंघी करने के लिए चौड़े दांत वाली कंघी का इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से सुलझ जाते हैं। अगर आप ओपन हेयर में सो नहीं सकती हैं तो लूज ब्रेड बनाएं। ऐसा करने से हेयर ब्रेक्रेज नहीं होती है। ब्रेड बनाकर सोने से आपको परेशानी भी नहीं होगी। बाल मुंह पर भी नहीं आएंगे।

## नोज रिंग के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लुक को बनाएंगे खास

स्टाइलिश दिखने के हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए हम आए दिन लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से अपने लुक को स्टाइल करते हैं। किसी भी लुक को स्टाइल करने के लिए ज्वेलरी का रोल अहम होता है और नए डिजाइंस के लिए अक्सर हम सेलिब्रिटीज के लुक्स को रीक्रिएट करते हैं।

सेलिब्रिटीज की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग आजकल सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। इसलिए आज बात आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग्स की, जो आपको मार्केट में कम से कम दामों में आसानी से मिल जाएंगे। साथ ही बताएंगे इन नोज रिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### सिंपल रिंग स्टाइल नोज पिन

आलिया ने मूवी में कई तरीके की नोज पिन को कैरी किया है। वहीं इन सबके बीच आलिया ने सिंपल सी नोज रिंग को स्टाइल किया है। इस तरह की नोज पिन आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या ट्रेडिशनल वियर के साथ भी कैरी कर सकती हैं। अगर आपकी



नोज पियर्सिंग नहीं हो रखी है तो भी आपको इसमें मार्केट से कई ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे।

### सिंगल स्टोन नोज रिंग

अगर आप ज्यादा बड़े साइज की नोज पिन को कैरी नहीं करना चाहती हैं तो आलिया भट्ट की पहनी हुई इस सिंपल सी स्टोन वाली नोज रिंग की तरह दिखने वाला कोई डिजाइन खरीद सकती हैं। इसमें आपको को डिजाइन व कलर ऑप्शन देखने को आसानी से मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

### हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही पहनने चाहिए कपड़े

## ड्रेस पहनते वक्त दिखता है मोटापा तो रखें इन जरूरी बातों का ध्यान

*जिस तरह से हर लड़की का चेहरा अलग दिखता है, ठीक उसी तरह से उनका बॉडी टाइप भी अलग होता है। ऐसे में हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही कपड़े पहनने चाहिए। लड़के कपड़े खरीदते वक्त ज्यादा ध्यान नहीं देते, पर हर लड़की अपने कपड़ों को काफी ध्यान से ही खरीदती है। वैसे तो हर लड़की को वो सब कपड़े पहनने चाहिए, जिसे पहनकर उनका आत्मविश्वास बढ़ता हो लेकिन कई बार लड़कियां अपने बढ़ते वजन को देखकर काफी परेशान हो जाती हैं।*



जिस तरह से हर लड़की का चेहरा अलग दिखता है, ठीक उसी तरह से उनका बॉडी टाइप भी अलग होता है। ऐसे में हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही कपड़े पहनने चाहिए। लड़के कपड़े खरीदते वक्त ज्यादा ध्यान नहीं देते, पर हर लड़की अपने कपड़ों को काफी ध्यान से ही खरीदती है। वैसे तो हर लड़की को वो सब कपड़े पहनने चाहिए, जिसे पहनकर उनका आत्मविश्वास बढ़ता हो लेकिन कई बार लड़कियां अपने बढ़ते वजन को देखकर काफी परेशान हो जाती हैं।


खासकर जब बात आती है वेस्टर्न ड्रेस पहनने की तो लड़कियों को ये बात काफी परेशान करती है कि कहीं वो वेस्टर्न ड्रेस में स्टाइलिश दिखने की बजाय अजीब ना दिख रही हों। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनको अपनाकर आप ड्रेस पहनकर भी अपना मोटापा छिपा सकती हैं। इन बातों को ध्यान में रखकर आप वेस्टर्न ड्रेस में भी क्लासी दिख सकती हैं।

**बेल्ट को कहें बॉय-बॉय:** अगर आपका पेट ज्यादा दिख रहा है तो कभी भी ड्रेस पहनते वक्त उस पर बेल्ट ना लगाएं। अगर आप बेल्ट लगाएंगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है।

**बॉडीकॉन ड्रेस से रहें दूर:** अगर आपका पेट निकला हुआ है तो बॉडीकॉन ड्रेस से दूर ही रहें। बॉडीकॉन ड्रेस में शरीर का हर अंग अलग से दिखता है। अगर आप ये पहनना चाहती हैं तो इसके अंदर टमी टकर जरूर पहनें।

**रफल वाली ड्रेस पहनें:** रफल वाली ड्रेस काफी फूली-फूली होती हैं, जिसके चलते ये आपका बेली फैट छुपाने में मददगार होती है। ये देखने में भी काफी ज्यादा क्लासी और स्टाइलिश होती है।

**पहनें हाई वेस्ट जींस:** ड्रेस के अलावा आपको अन्य कपड़ों के लिए भी कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। जो हाई वेस्ट जींस होती है वो बाहर निकले पेट को छिपाने में मददगार होती है। ऐसे में आप रोजाना की लाइफ में



हाई वेस्ट जींस आसानी से पहन सकती हैं।

**पैटर्न का रखें ध्यान:** अगर आपका पेट निकला है तो कपड़े खरीदते वक्त हमेशा पैटर्न का ध्यान रखें। वर्टिकल पैटर्न वाली ड्रेस आपके बैली फैट को छिपाने के काम आती है। ये आपके ऊपर अच्छी भी लगेगी।